


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 279

ग्वालियर, मंगलवार 28 जून 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.




## कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं पर हमला, दोषियों को न्याय के कठघरे में लाया जाना चाहिए : राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी ने आरोप लगाया कि अगरतला उपचुनाव में पार्टी की जीत के बाद उसके नेताओं और कार्यकर्ताओं पर 'भाजपा के गुंडों ने हमला किया। कांग्रेस ने मांग की है, कि दोषियों को न्याय के कठघरे में लाया जाना चाहिए और भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा को इसके लिए माफी मांगनी चाहिए। कांग्रेस ने कहा कि अगर त्रिपुरा सरकार कानून और व्यवस्था को संभालने में असमर्थ है, तब राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाना ''जरूरी'' होगा। कांग्रेस ने कहा कि अधीर रंजन चौधरी, गौरव गोगोई और नासिर हुसैन का तीन सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल स्थिति का जायजा लेने और इस ''जघन्य हमले'' पर रिपोर्ट तैयार करने के लिए सोमवार को त्रिपुरा का दौरा करेगा। राज्य की चार विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव के नतीजे आने के बाद अगरतला में कांग्रेस भवन के सामने कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के समर्थकों के बीच हुई झड़प में त्रिपुरा प्रदेश कांग्रेस प्रमुख बिरजीत सिन्हा सहित कम से कम 19 लोग घायल हो गए। उपचुनाव में भाजपा को तीन और कांग्रेस को एक सीट मिली है। कांग्रेस के



पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने ट्वीट किया, अगरतला उपचुनाव में कांग्रेस की जीत के बाद भाजपा के गुंडों द्वारा हमारे नेताओं और कार्यकर्ताओं पर किए हमले की मैं कड़ी निंदा करता हूं। राहुल गांधी ने कहा, लोग हमारे साथ हैं। शर्मनाक है कि पुलिस हमले को रोकने के बजाय मूकदर्शक बनी रही।वहीं कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने ट्वीट किया, कांग्रेस के करोड़ों कार्यकर्ता व नेता त्रिपुरा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं व नेताओं के साथ चट्टान की तरह खड़े होकर भाजपा की हिंसा का सामना करने वाले है। भाजपा चाहे जितना भी हिंसक हथकंडे अपनाए, लोकतंत्र के मैदान में इन हिंसक हथकंडों की हार तय है। कांग्रेस के महासचिव (संगठन) के सी वेणुगोपाल ने कहा कि पार्टी अगरतला उपचुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार सुदीप रॉय बर्मन की जीत के बाद कांग्रेस भवन पर ''हमले'' और ''भाजपा के गुंडों'' द्वारा त्रिपुरा पीसीसी अध्यक्ष पर क्रूर हमले की कड़ी निंदा करती है। वेणुगोपाल ने कहा, प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रमुख को चोटें आईं और हमले के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन्होंने कहा, हम भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा से माफी और (केंद्रीय) गृह मंत्री अमित शाह से जांच कराने की मांग करते हैं कि ये हमले क्यों हुए। यदि राज्य सरकार कानून-व्यवस्था को संभालने में असमर्थ है।

## आपराधिक मामलों में 90 फीसदी तक दोषसिद्धि दर हासिल करने की दिशा में काम कर रही मोदी सरकार : शाह

**अहमदाबाद।** केंद्रीय गृह मंत्रालय आपराधिक मामलों में 90 फीसदी तक दोषसिद्धि दर हासिल कर देश में नागरिकों के अनुकूल तथा प्रभावी आपराधिक न्याय प्रणाली प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। गृहमंत्री अमित



शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार देश की आंतरिक और बाहरी सुरक्षा को अत्यधिक महत्व देती है। उन्होंने कहा कि सरकार अपराध का पता लगाने और रोकथाम के साथ ही प्रभावी तौर से कानून लागू करके जन कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। शाह ने कहा कि गृह मंत्रालय 90 प्रतिशत तक दोषसिद्धि दर हासिल करने और देश में नागरिकों के अनुकूल और प्रभावी आपराधिक न्याय प्रणाली प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। गृह मंत्री ने भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम में प्रस्तावित व्यापक संशोधनों के माध्यम से प्रत्येक राज्य और केंद्र शासित प्रदेश में एक स्वतंत्र अभियोजन निदेशालय और एक स्वतंत्र फोरेंसिक विज्ञान निदेशालय की स्थापना का आह्वान किया।

## सुप्रीम कोर्ट से एकनाथ शिंदे गुट ने कहा -हमें दी जा रही हैं जान से मारने की धमकियां, इसलिए शीर्ष कोर्ट का रुख किया

**मुंबई।** शिवसेना के बागी एकनाथ शिंदे गुट के विधायकों की अर्जी पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई में एकनाथ शिंदे के वकील से पूछा गया कि इस मुद्दे पर आपने पहले हाई कोर्ट का रुख क्यों नहीं किया। इस पर शिंदे के वकील ने कहा कि यह मामला गंभीर है और विधायकों को मारने तक की धमकियां दी जा रही हैं। इसलिए हमने शीर्ष अदालत का रुख किया है।

शिंदे के वकील ने कहा कि अदालत चाहे तो फ्लोर टेस्ट का आदेश दे सकती है। उन्होंने कहा कि 2019 में सर्वसम्मति से एकनाथ शिंदे को शिवसेना के विधायक दल का नेता चुना गया था, लेकिन बिना प्रक्रिया का पालन किए उन्हें हटा दिया गया। एकनाथ शिंदे के वकील ने सुनवाई के दौरान संजय राउत की ओर से धमकी दिए जाने का भी मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि डिप्टी स्पीकर ने 15 विधायकों को नोटिस भेजकर 2 दिन में



जवाब मांगा है, जबकि कम से कम 14 दिनों का वक्त मिलना चाहिए।

उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में सुप्रीम कोर्ट ही पहले भी साफ कर चुका है कि जरूरी वक्त दिया जाना चाहिए। शिंदे के वकील ने कहा कि डिप्टी स्पीकर का नोटिस असंवैधानिक है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यदि डिप्टी स्पीकर के नोटिस से आपत्ति है तो आपने उनसे ऐतराज क्यों नहीं जताया। अदालत के इस सवाल पर एकनाथ शिंदे के वकील नीरज किशन कौल ने कहा विधायकों ने डिप्टी स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पारित किया है। ऐसे में उनके आगे कैसे इस पर दलील दी जा सकती है।

वकील ने कहा कि पार्टी के ज्यादातर विधायक तो गुवाहाटी में ही हैं। ऐसे में कैसे उन्हें अयोग्य ठहराने के लिए डिप्टी स्पीकर ने नोटिस जारी किया है। केस की सुनवाई के दौरान अरुणाचल प्रदेश के मामले का भी जिक्र हुआ। वकील ने कहा कि स्पीकर ने जब भी अपने अधिकारों का अतिक्रमण किया गया, उस पर सुप्रीम कोर्ट ने अपना आदेश दिया है। एकनाथ शिंदे गुट ने कहा कि पहले तो डिप्टी स्पीकर की स्थिति पर ही फैसला होना चाहिए। उसके बाद ही उनकी ओर से की गई किसी कार्यवाही पर बात की जा सकती है।

एकनाथ शिंदे गुट की दलीलों पर शिवसेना के वकील के तौर पर पेश हुए अभिषेक मनु सिंघवी ने जवाब दिया। उन्होंने कहा कि इस केस में पहले हाईकोर्ट का ही रुख करना था, लेकिन मीडिया में यह केस इतना चर्चित हो गया है कि जान की धमकी की बात करते हुए वे सीधे सुप्रीम कोर्ट में ही आ गए हैं।

## एसबीआई की शोध रिपोर्ट में खुलासा, भारत में आय असमानता में काफी गिरावट दिखी गई

**नई दिल्ली।** एसबीआई की नई इक्रोवेरप शोध रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2017 के बाद से भारत में आय असमानता में काफी गिरावट दिखी गई है। इसके साथ ही कोरोना महामारी के दौरान असामनता में भी गिरावट देखी गई है। इस रिपोर्ट के लेखक एसबीआई के ग्रुप चीफ इकोनॉमिक एडवाइजर हैं। रिपोर्ट के अनुसार, भारत का गरीबी अनुपात 2011-12 के 21.9 फीसदी से घटकर 2020-21 में 17.9 फीसदी हो गया है। रिपोर्ट के अनुसार, शोध में पाया गया कि भारत में असमानता महामारी के दौरान कम हुई। इतना ही नहीं, एनबीईआर के शोध के मुताबिक इस दौरान व्यावसायिक आय में भारी-उतार चढ़ाव के कारण अमीरों की आय में गिरावट देखी गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि राज्यों की औसत में भी वृद्धि दर्ज की गई है। रिपोर्ट के अनुसार, 2001-02 में यह 18,118 रुपये थी जो बढ़कर 2011-12 में 68,845 रुपये हो गई और 2021-22 में यह 1,74,024 पर पहुंच गई। राज्यों की प्रति व्यक्ति आय में भी इसी तरह का इजाफा दिखाई दिया है। प्रति व्यक्ति आय में सर्वाधिक वृद्ध गोवा और सिक्किम में दर्ज की गई है। इन दोनों राज्यों की औसत प्रति व्यक्ति आय बाकी सभी राज्यों की प्रति व्यक्ति आय के जोड़ से 3 गुना अधिक दर्ज हुई है। इस मामले में बिहार, झारखंड, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश और राजस्थान सबसे नीचे रहे। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत का गरीबी अनुपात 2020-21 में घटकर 17.9 प्रतिशत हो गया जो 2011-12 में 21.9 प्रतिशत था।

## गोरख ठाकुर की हत्या में अंडरवर्ल्ड का हाथ, हत्या में शहाबुद्दीन गैंग का नाम आ रहा सामने

**लखनऊ।** बिहार के मोस्ट वांटेड वीरेंद्र उर्फ गोरख ठाकुर की हत्या में अंडरवर्ल्ड का हाथ हो सकता है। इस मामले में बिहार के पूर्व सांसद शहाबुद्दीन गैंग का नाम सामने आ रहा है। मृतक वीरेंद्र की पत्नी ने 3 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। इसमें वीरेंद्र की पहली पत्नी प्रियंका, उसका प्रेमी बिट्टू जायसवाल और शहाबुद्दीन का शूटर फिरदौस शामिल है। मुकदमा दर्ज करके लखनऊ पुलिस बिहार में पहुंची। जांच में सामने आया कि फिरदौस ने ही चार साथियों को भेजकर वीरेंद्र का मर्डर करवाया। पुलिस ने बताया कि मामला प्रेम-प्रसंग, धोखा और साजिश का है। बिहार के पश्चिम चंपारण स्थित नरकटियागंज की रहने वाली प्रियंका साल 2008 में शहर के एसएस शर्मा पब्लिक स्कूल में पढ़ने जाती थी। उस समय वीरेंद्र उर्फ गोरख ठाकुर का नरकटियागंज सहित पूरे बेतिया पर दबदबा था। प्रियंका की दिल्लगी स्कूल के रास्ते में पान की दुकान लगाने वाले बिट्टू जायसवाल से हो गई। वीरेंद्र भी बिट्टू की दुकान पर जाया करता था, इसलिए वह भी स्कूल टीचर से परिचित हो गया।पान वाले बिट्टू और प्रियंका की प्रेम कहानी इतनी आगे बढ़ी कि दोनों घर से भाग गए। हालांकि, उस दौरान वीरेंद्र ठाकुर भी आपराधिक मामलों के चलते बिहार से फरार होकर यूपी की राजधानी लखनऊ में रहने लगा था। बिट्टू को लगा कि वीरेंद्र ही उसे पुलिस और प्रियंका के घरवालों से बचा सकता है, इसलिए वह प्रेमिका को लेकर उसकी शरण मे लखनऊ पहुंच गया। वीरेंद्र ने उन्हें पनाह दी। लेकिन कुछ दिन बाद वीरेंद्र की नीयत खराब हो गई और उसने बिट्टू को गालियां देकर घर से भगा दिया। फिर प्रियंका से जबरन शादी कर ली। उसके खौफ से बिट्टू सहम गया और प्रियंका ने भी खामोशी ओढ़ ली। प्रियंका और वीरेंद्र तकरीबन 13 साल साथ रहे और दोनों के 3 बच्चे भी हुए।इसी बीच इस कहानी में नया मोड़ आ गया। दरअसल, साल 2015 में बेतिया में रेत खनन का ठेका हथियाने के लिए स्थानीय माफिया रईस खान के इशारे पर गुर्गे फिरदौस ने एक ठेकेदार को गोली मार दी थी। फिरदौस की चचेरी बहन खुशबुन तारा लखनऊ में रहकर पढ़ाई कर रही थी। गोलीकांड के बाद फिरदौस अपनी बहन के पास छिपने आ गया। लेकिन वहां न जाकर उसने वीरेंद्र ठाकुर के घर शरण ले ली।

## अमरनाथ यात्रा में खलल डालने की योजना बना रहे दो लश्कर आतंकी मुठभेड़ में ढेर, सर्च आपरेशन जारी



**जम्मू।** अमरनाथ यात्रा के मद्देनजर प्रदेश में पहले से ही तमाम सुरक्षाबल और सुरक्षा एजेंसियां हाई अलर्ट पर हैं। ऐसे में कश्मीर घाटी में सुरक्षाबलों को जैसे ही आतंकियों के छिपे होने की सूचना मिलती है तो वे तुरंत उनका खात्मा करने के लिए निकल पड़ते हैं। ऐसे ही एक घटनाक्रम में कुलगाम में आतंकियों की तलाश करते समय शुरू हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने अभी तक दो आतंकियों को मार गिराया है। इलाके में और आतंकियों की मौजूदगी की आशंका के चलते सुरक्षाबलों ने सर्च आपरेशन चलाया हुआ है। मारे गए दोनों आतंकियों की अभी पहचान नहीं हो पाई परंतु ये दोनों लश्कर से संबंधित बताए जा रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि आज दोपहर बाद पुलिस और सुरक्षाबलों को आतंकियों के छिपे होने की सूचना मिली। पुलिस ने सेना और सीआरपीएफ के साथ संयुक्त तलाशी अभियान शुरू कर दिया। कुलगाम के नवपोरा-खेरपोरा के बीचोबीच स्थित तरुबजी इलाके में आतंकी छिपे थे। जैसे ही सुरक्षाबल वहां से गुजरे तो छिपे आतंकियों ने उन पर फायरिंग शुरू कर दी। सुरक्षाबलों ने भी तुरंत मोर्चा संभाला और सबसे पहले आतंकियों को आत्मसमर्पण करने की चेतावनी दी। आतंकियों ने सुरक्षाबलों की चेतावनी को अनसुना किया और फायरिंग जारी रखी। सुरक्षाबलों ने भी आतंकियों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

सुरक्षाबलों ने एक के बाद एक दोनों आतंकियों को मार गिराया है। इलाके में और आतंकियों की मौजूदगी की आशंका के चलते सुरक्षाबलों का सर्च आपरेशन जारी है। मुठभेड़ स्थल से दोनों आतंकियों के शवों को सुरक्षाबलों ने अपने कब्जे में ले लिया है। वहां से हथियार व गोलाबारूद भी बरामद हुआ है। मारे गए आतंकी लश्कर-ए-तैयबा के बताए जा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि बहुत जल्द उनकी पहचान कर ली जाएगी। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने इंटरनेट मीडिया पर इसकी जानकारी साझा करते हुए बताया कि कुलगाम के तरुबजी इलाके में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच हो रही मुठभेड़ में एक आतंकी को मार गिराया गया है।

## कल से फिर रफ्तार पकड़ेगा मॉनसून, मध्य और उत्तर पश्चिम भारत में होगी बारिश

**नई दिल्ली ।** देश में कल यानि 28 जून से एक बार फिर से मॉनसून के रफ्तार पकड़ने की उम्मीद है। मौसम विशेषज्ञों का अनुमान है कि मध्य भारत के साथ-साथ देश के उत्तर-पश्चिमी हिस्सों में भी व्यापक बारिश होगी। जुलाई के शुरुआती हफ्ते में अच्छी खासी बारिश दर्ज की जाएगी। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार पश्चिमी राजस्थान के साथ गुजरात के कच्छ क्षेत्र में भी बारिश हो सकती है।

वहीं, जून का महीना मॉनसून की सामान्य बारिश के साथ खत्म हो जाएगा। निजी मौसम पूर्वानुमान एजेंसी स्काईमेट का कहना है कि जुलाई का पहला हफ्ता मध्य और उत्तर पश्चिम भारत के लिए बरसात का



रहने वाला है। जुलाई की शुरुआती अवधि के दौरान पश्चिमी राजस्थान के साथ-साथ गुजरात के कच्छ क्षेत्र में अच्छी बारिश हो सकती है। एजेंसी के विशेषज्ञों ने कहा कि 24 जून को बारिश की कमी -4त्न थी। इसके बाद बारिश की कमी और बढ़ी। 27 जून तक मानसून का पुनरुद्धार कमजोर होता दिख रहा है। पूर्वी पश्चिम की ट्रफ रेखा एक बार फिर उत्तरी मैदानी इलाकों के ऊपर दक्षिण की ओर बढ़ेगी, जिससे बंगाल की खाड़ी से पूर्वी और दक्षिण पूर्वी हवाओं की वृद्धि होगी। उनका कहना है कि इस साल मॉनसून की शुरुआत कमजोर रही। जून के पहले पखवाड़े तक पूरे भारत में बारिश सामान्य से कम रही। उत्तर पश्चिम और मध्य भारत में भारी बारिश की कमी थी। जून के दूसरे पखवाड़े के दौरान बारिश की गतिविधियों ने गति पकड़ ली और 22 जून तक देश की मानसूनी बारिश ब्रेक ईवन हो गई।

## विस के डिप्टी स्पीकर ने 16 विधायकों को जारी किया नोटिस

### शिंदे की अगुवाई में बागी विधायकों का जमावड़ा लगा है गुवाहाटी में

**मुंबई।** बीते कई दिनों से शिवसेना के वरिष्ठ नेता एकनाथ शिंदे की अगुवाई में बागी विधायकों का बड़ा जमावड़ा गुवाहाटी के एक फाइव स्टार होटल में लगा हुआ है। इनमें से करीब 16 विधायकों को विधानसभा के डिप्टी स्पीकर ने नोटिस जारी किया है, जिसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई है। इस मामले पर आज सुनवाई होनी है।

एकनाथ शिंदे गुट का दावा है कि उनके साथ 50 से अधिक विधायक हैं। इनमें से शिवसेना करीब 40 विधायक हैं। अघाड़ी सरकार ने इनमें से 16 विधायकों के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी कर ली है। डिप्टी स्पीकर ने इन्हें नोटिस भेजा है। जवाब दाखिल करने की अंतिम तारीख आज ही है। शिवसेना और शिंदे गुट की नजर आज सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर होगी।महाराष्ट्र के इन तमाम सियासी घटनाक्रम में बीजेपी की भूमिका पर भी सवाल उठना लाजमी है। इसका प्रमुख कारण बागी विधायकों का बीजेपी शासित राज्य गुवाहाटी में डेरा जमाना है। साथ ही कल देर रात महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के आवास पर बीजेपी के विधायक और विधान परिषद के सदस्यों का पहुंचने का सिलसिला जारी रहा। बैठकों का दौर चला। महाराष्ट्र में जारी सियासी संकट के बीच सरकार बनाने की संभावनाओं को तलाशा जा रहा है। सूत्रों का कहना है कि बीजेपी के पास प्लान-बी है, जिसके सहारे मध्य-प्रदेश की कमलनाथ की सरकार गिर गई थी। मध्य प्रदेश में जिस तरह कांग्रेस के विधायकों ने ज्योतिरादित्य सिंधिया के नेतृत्व में पार्टी और विधायकी से इस्तीफा देकर कमलनाथ की सरकार को गिरा दिया था, ठीक उसी तरह महाराष्ट्र में शिवसेना के बागी विधायक भी कर सकते हैं। उनके इस कदम से महा विकास अघाड़ी की सरकार अल्पमत में आ जाएगी और विधानसभा में बहुमत साबित नहीं कर पाएगी। बीजेपी के पास सरकार बनाने का दावा पेश करने का मौका होगा।

## खास खबर

### पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी अग्निवीर सेना बहाली पर जताया विरोध

**पटना।** बिहार में मोदी सरकार की अग्निपथ योजना के विरोध में हुए हिंसक प्रदर्शनों को मुद्दा विधानसभा में भी जमकर गूंज रहा है। बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी ने भी अग्निवीर सेना बहाली पर पटना में तख्ती लेकर राजद नेताओं संग विरोध जताया। राबड़ी देवी ने आंदोलन में गिरफ्तार लोगों को छोड़ने की मांग की। साथ ही राबड़ी देवी ने कहा कि केंद्र सरकार इस योजना को वापस ले। पूर्व सीएम राबड़ी देवी ने कहा कि जो अग्निपथ योजना बिहार और देश के लिए गलत है। लेकिन हम जानते हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस वापस नहीं लेने वाले हैं। इसके साथ ही राबड़ी देवी ने हाथ में एक तख्ती भी पकड़ी हुई थी जिसपर लिखा था अग्निपथ नहीं चाहिए युवा को, पूरे देश आग में झौंकना चाहती भाजपा सरकार। बता दें कि नरेंद्र मोदी सरकार की अग्निपथ योजना की घोषणा के बाद अग्निवीर सेना बहाली के विरोध में देश के कई राज्यों में युवाओं ने प्रदर्शन किया। इसका सबसे ज्यादा असर बिहार में देखने को मिला। बिहार में युवाओं ने गुस्से में कई ट्रेनों में आग लगा दी। जगह-जगह आगजनी की। कई जिलों के भाजपा दफ्तरों तक में आग लगा दी। पुलिस अभी तक काफी तादाद में युवाओं को इस हिंसा के बाद गिरफ्तार कर चुकी है।

### पीएम मोदी को पिछली सरकारों की उपलब्धियों को स्वीकार करना चाहिए : चिदंबरम

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री पी चिदंबरम ने जर्मनी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा की गई टिप्पणी को लेकर उन पर निशाना साधकर कहा कि पीएम मोदी को उन उपलब्धियों को स्वीकार करना चाहिए था, जो भारत ने 2014 तक हासिल की थीं। पूर्व वित्त मंत्री ने यह दावा भी किया कि नरेंद्र मोदी सरकार अपनी पूर्ववर्ती सरकारों के कार्यों को ही आगे बढ़ा रही है। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि पिछले 75 वर्षों में भारत ने जो हासिल किया, वह बहुत ही शानदार है, लेकिन लोगों तक आवश्यक सेवाओं को पहुंचाना एक सतत कार्य है। चिदंबरम ने कहा, प्रधानमंत्री को स्वीकार करना चाहिए था कि 2014 तक बहुत सारी उपलब्धियां हासिल हुई और उनकी सरकार सिर्फ पूर्ववर्ती सरकारों के कार्यों को आगे लेकर जा रही है। प्रधानमंत्री ने जर्मनी में कहा था कि 1975 में लगाया गया आपातकाल भारत के जीवंत लोकतंत्र पर एक ''काला धब्बा'' है। उन्होंने अपनी सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख कर कहा था कि अब भारत का हर गांव खुले में शौच से मुक्त है, बिजली उपलब्ध है और 99 प्रतिशत गांवों में खाना पकाने के लिये स्वच्छ ईंधन है। उन्होंने कहा कि भारत पिछले दो साल से 80 करोड़ गरीब लोगों को मुफ्त राशन मुहैया करा रहा है।

### राजनाथ सिंह ने मलेशियाई समकक्ष के साथ द्विपक्षीय रक्षा संबंधों पर बातचीत की

**नई दिल्ली।** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने मलेशियाई समकक्ष हिशामुद्दीन बिन हुसैन से बातचीत की तथा दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग को और आगे बढ़ाने पर विचार किया। सिंह ने ट्वीट किया, मलेशिया के वरिष्ठ रक्षा मंत्री हुसैन के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए बेहतरीन बातचीत हुई। उन्होंने भारत और मलेशिया के बीच मजबूत रक्षा संबंधों की पुष्टि की तथा दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग को और आगे बढ़ाने के अवसरों पर चर्चा की। दोनों नेताओं के बीच यह बातचीत डिजिटल माध्यम से हुई। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने 17 जून को अपने मलेशियाई समकक्ष सैफुद्दीन अब्दुल्ला के साथ द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने के संबंध में चर्चा की थी।

### आईटी कर्मचारी ने अपनी महिला सहकर्मी को घर बुलाकर उसका बलात्कार किया

**पुणे।** पुणे के बावधान क्षेत्र में अपने घर में महिला सहकर्मी को शराब पिलाकर महिला से बलात्कार के आरोप में 31 वर्षीय आईटी कर्मचारी को गिरफ्तार किया गया है। हिंजावाड़ी पुलिस थाना के अधिकारी ने कहा कि घटना छह जून की है, जब आरोपी ने महिला सहकर्मी को अपने घर खाने पर बुलाया था। अधिकारी के अनुसार, इसके बाद आरोपी ने महिला को शराब पीने के लिए दबाव डाला और फिर उससे बलात्कार किया। अधिकारी ने बताया कि आरोपी ने घटना का वीडियो भी बनाया था। उन्होंने बताया, ''उसने छह जून की घटना के वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर 10 जून को महिला को फिर अपने घर बुलाकर उससे बलात्कार किया। इसके बाद जब आरोपी ने महिला को 25 जून को फिर आने का दबाव डाला तब महिला ने पुलिस से संपर्क किया।'' अधिकारी ने बताया कि आरोपी को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 376 (बलात्कार), 354 (यौन उत्पीड़न) और 327 (जहरीला पदार्थ देकर नुकसान पहुंचाने) के तहत गिरफ्तार किया गया है।

## वन-टू-वन

### रोहित की जगह खेलेंगे मयंक

**लंदन।** युवा बल्लेबाज मयंक अग्रवाल को इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले एकमात्र टेस्ट मैच के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है। मयंक इस मैच में कप्तान रोहित शर्मा की जगह पर खेलेंगे। रोहित कोरोना संक्रमित होने के कारण अभी पृथकवास में हैं। रोहित के इस मैच से बाहर होने के बाद विकल्प के तौर पर मयंक का नाम सामने आया है क्योंकि इस युवा बल्लेबाज ने सलामी बल्लेबाज के तौर पर बेहतरीन प्रदर्शन किया है। यह टेस्ट पिछले साल की पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का एक हिस्सा है, जिसे तब भारतीय खिलाड़ियों में कोरोना संक्रमण के कारण नहीं खेला जा सका था। एक रिपोर्ट के अनुसार मयंक मंगलवार को भारतीय टीम से जुड़ेंगे। कोविड-19 के नये नियमों के अनुसार मयंक को क्वारंटाइन में नहीं रहना होगा और वह तत्काल खेल सकेंगे। मयंक को पहले एजबेस्टन टेस्ट के लिए भारतीय टीम में जगह नहीं मिली थी पर लोकेश राहुल के चोटिल होने ओर रोहित के संक्रमित होने के कारण अब उन्हें अवसर मिला मयंक ने अंतिम बार मार्च में श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट मैच खेला था पर तब वह अधिक रन नहीं बना पाये थे। उन्होंने दो मैचों में 19.66 की औसत से तब केवल 59 रन ही बनाए थे। इसके बाद उन्होंने आईपीएल 2022 में पंजाब किंग्स की कप्तानी की कप्तानी करते हुए 14 मैचों में 16.33 के औसत और 122.5 के स्ट्राइक रेट से 196 रन बनाये थे। मयंक विदेशी धरती पर बल्लेबाजी में खासे सफल रहे हैं। यह भी उन्हें अवसर देने का प्रमुख कारण माना जा रहा है।

### अमेरिकी ओपन में तटस्थ ध्वज के बैनर तले उतरेंगे अमेरिकी और बेलारुसी खिलाड़ी

**न्यूयॉर्क।** रूस और बेलारूस के टेनिस खिलाड़ी भी 29 अगस्त से शुरू अमेरिकी ओपन में नजर आयेंगे हालांकि ये खिलाड़ी इसमें तटस्थ ध्वज के बैनर तले उतरेंगे। अमेरिकी ओपन के आयोजकों ने कहा कि सरकारों के फैसलों के लिए खिलाड़ियों को दोष नहीं दिया जा सकता। इससे पहले रुस के यूक्रेन पर हमले के बाद से ही रुस और बेलारूस के खिलाड़ियों को विभिन्न खेल स्पर्धाओं से प्रतिबंधित कर दिया गया था। इसी कारण विम्बलडन ने भी इन देशों के खिलाड़ियों को प्रतिबंधित कर दिया गया था पर अमेरिकी ओपन में रूस और बेलारूस के खिलाड़ी खेलते दिखेंगे। अमेरिकी टेनिस संघ (यूएसटीए) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और कार्यकारी निदेशक लियू शेर ने में कहा कि यूएसटीए बोर्ड ने रूस और बेलारूस के खिलाड़ियों को टूर्नामेंट में प्रवेश देने का फैसला किया है क्योंकि व्यक्तिगत खिलाड़ियों को उनकी सरकारों के कार्यों और फैसलों के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। लियू ने कहा कि रूस और बेलारूस के खिलाड़ी तटस्थ ध्वज के तले दुनिया भर में अलग-अलग टेनिस टूर्नामेंट में इसी तरह खेल रहे हैं।

### जोमैटो के बोर्ड ने ब्लिंकिट को खरीदने की दी मंजूरी, शेयर 6 फीसदी तक टूटे

**मुंबई।** ऑनलाइन फूड डिलीवरी फर्म जोमैटो के बोर्ड ने ऑनलाइन ग्रॉसरी कंपनी ब्लिंकिट को खरीदने की शुक्रवार को मंजूरी दी थी। लेकिन, डील का जोमैटो के शेयर पर सोमवार को नकारात?मक असर दिखाई दिया है। सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को दोपहर तक ही जोमैटो के शेयरों में समाचार लिखे जाने तक 6.10 फीसदी की गिरावट आ चुकी थी। ब्लिंकिट के अधिग्रहण की डील 4,447.48 करोड़ रुपये में हुई है। क्विक कॉमर्स बिजनेस को बढ़ाने के लिए जोमैटो ने यह कदम उठाया है। बता दें कि ब्लिंकिट को पहले ग्रोफर्स के नाम से जाना जाता और ब्लिंकिट में पहले से ही जोमैटो की 8-9 प्रतिशत हिस्सेदारी थी। डील की शर्तों के मुताबिक, ब्लिंकिट की सबसे बड़ी शेयरहोल्डर सॉफ्टबैंक को जौमैटो के 28.71 करोड़ शेयर मिलने वाले हैं। वहीं टाइगर ग्लोब को जोमैटो के 12.34 करोड़ शेयर, बीसीसीएल को 1.5 करोड़ शेयर और साउथ कोरियन निवेशक डोल को 3.66 करोड़ शेयर मिलने हैं। जोमैटो के बोर्ड ऑफ डायरेक?टर्स ने शुक्रवार को ही सौदे को मंजूरी दी थी। सोमवार को जोमैटो के शेयर तेजी से साथ खुले। खुलने के कुछ समय बाद ही इनमें 3 फीसदी की तेजी आई! लेकिन, यह तेजी बरकरार नहीं रही और शेयरों में गिरावट शुरू हो गई और 6 फीसदी तक गिर गए। जोमैटो के शेयर पिछले छह महीनों में 50 फीसदी गिर चुके हैं। वहीं, वर्ष 2022 में अब तक यह स?टॉक 53 फीसदी लुढ़क चुका है। पिछले कुछ दिनों मे इस शेयर में तेजी देखी जा रही थी। लेकिन सोमवार को उस तेजी पर ब्रेक लग गया।

### होटल स्टे, अस्पताल के खर्च से लेकर बर्तन तक के बढ़ सकते हैं दाम, समिति ने की जीएसटी दर बढ़ाने की सिफारिश

**नई दिल्ली।** बजट होटल का किराया, अस्पताल का खर्च, पानी के पंप और घर के बर्तन समेत कई अन्य उत्पाद व सेवाएं महंगी हो सकती है। कर्नाटक के सीएम बसवराज बोम्मई की अध्यक्षता वाली एक समिति ने कई उत्पादों और सेवाओं पर जीएसटी की दर बढ़ाने की सिफारिश की है। बता दें कि 28-29 जून को जीएसटी काउंसिल की बैठक होनी है। समिति ने प्रिंटिग, राइटिंग और ड्रॉइंग इंक, चाकू, चम्मच, प्लेट व अन्य कटलरी पर जीएसटी को 12 से बढ़ाकर 18 फीसदी करने की सिफारिश की है। इसके अलावा डेयरी मशीनरी, एलईडी लैंप्स, ड्रॉइंग इंस्ट्रूमेंट पर भी जीएसटी 18 फीसदी करने की सिफारिश की गई है। सोलर वॉटर हीटर व लेदर पर जीएसटी 5 से बढ़ाकर 12 फीसदी करने की सिफारिश की है। कुछ आउटसोर्स की गई सेवाओं पर भी जीएसटी दर बढ़ने का अनुमान है। इसके साथ ही कुछ मामलों में टैक्स गड़बड़ियों के कारण रिफंड क्लेम भी बंद किया जा सकता है। कुछ बिजनेस-टू-बिजनेस लेनदेन पर भी टैक्स छूट को वापस लेने की सिफारिश की गई है। मसलन, नॉन-इकोनॉमी क्लास में उत्तर पूर्व और बागडोगरा की हवाई यात्रा और रेल या सड़क द्वारा माल परिवहन सेवा पर टैक्स छूट को खत्म करने की सिफारिश है।

# दूसरे टी20 में आयरलैंड को हराकर सीरीज जीतने उतरेगी भारतीय टीम

### रात नौ बजे से शुरू होगा मैच

**मालहिडे।** भारतीय क्रिकेट टीम मंगलवार को आयरलैंड के खिलाफ दूसरे ओर अंतिम टी20 मैच को जीतकर सीरीज अपने नाम करने उतरेगी। भारतीय टीम ने पहले टी20 को सात विकेट से जीता था ऐसे में वह 1-0 से आगे है। हार्दिक पंड्या की कप्तानी में उतरी इस युवा भारतीय टीम की ओर से पहले मैच में स्पिनर यजुवेन्द्र चहल और दीपक हुड्डा ने शानदार प्रदर्शन किया था। जिसे ये खिलाड़ी इस मैच में भी बनाये रखना चाहेंगे। बारिश के कारण पहले मैच में ओवर कम कर दिये थे। अब मंगलवार के मैच में भी बारिश की बाधा पड़ने की आशंका है।



पहले मैच में भारतीय टीम के बल्लेबाज रूतुराज गायकवाड़ फिट नहीं होने के कारण बल्लेबाजी नहीं कर पाये थे और अगर वह फिट नहीं हो पाते तो उनकी जगह किसी अन्य को उतारा जाएगा। अगले महीने इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली टी20 सीरीज को देखते हुए इस टीम में शामिल सभी खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन कर चयनकर्ताओं का ध्यान अपनी ओर खींचना चाहेंगे। टीम इंडिया के तेज गेंदबाज उमरान मलिक इस मैच में बेहतर प्रदर्शन करना चाहेंगे क्योंकि पहले मैच में वह नाकाम रहे थे। कप्तान पांड्या का कहना है कि उमरान पुरानी गेंद से बेहतर गेंदबाजी करता है , इसलिए उसे पावरप्ले के बाद अवसर दिया गया। वहीं अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर ने पहले मैच में अपनी स्विंग गेंदबाजी से आयरलैंड के बल्लेबाजों पर अंकुश लगा दिया था। इसके साथ ही वह पावर प्ले में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज भी बने थे , इस सिलसिले को वह आगे भी बनाये रखना चाहेंगे। उमरान के अलावा युवा गेंदबाज आवेश खान भी डैथ ओवरों में प्रभावी नहीं रहे थे। ऐसे में वह भी इस मैच में अच्छा प्रदर्शन करना चाहेंगे।

भारतीय गेंदबाजों के लिए इस मैच में आयरलैंड के बल्लेबाज हैरी टेक्टर पर अंकुश लगाना आसान नहीं होगा। हैरी ने पहले मैच में कठिन हालातों के बीच भी 33 गेंद पर नाबाद 64 रन बनाकर अपनी टीम को सम्मान जनक स्कोर तक पहुंचाया था। इस बल्लेबाज ने उमरान की गेंदों को जमकर पीटा था। हैरी की हार्दिक ने भी जमकर तारीफ करते हुए कहा था कि वह इस बल्लेबाज को आईपीएल में खेलते हुए देखना चाहते हैं। पहले मैच में आयरलैंड के बल्लेबाजों ने ठीक ठाक खेला था पर उसके गेंदबाज विफल रहे थे। अब इस मैच में अगर उसे जीत दर्ज करनी है तो बेहतर गेंदबाजी करनी होगी। पहले मैच में मेजबाज टीम के गेंदबाज लय में नहीं थे जिससे भारतीय बल्लेबाज बिना किसी दबाव के आक्रामक बल्लेबाज करने में सफल रहे थे। अब मेजबान टीम का लक्ष्य भारतीय टीम की सलामी जोड़ी हार्दिक और हुड्डा को शुरुआत में ही पेवेलियन भेजना रहेगा।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं :

भारत = हार्दिक पंड्या (कप्तान), भुवनेश्वर कुमार, ईशान किशन, रुतुराज गायकवाड़, संजू सैमसन, सूर्यकुमार यादव, वेंकटेश अय्यर, दीपक हुड्डा, राहुल त्रिपाठी, दिनेश कार्तिक, युजवेंद्र चहल, अक्षर पटेल, रवि बिश्नोई, हर्षल पटेल, अवेश खान, अर्शदीप सिंह, उमरान मलिक।

### बांग्लादेश को पारी की हार टालने 42 रनों की जरुरत

**ग्रोस आइलेट।** वेस्टइंडीज ने दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में बांग्लादेश पर अपना शिकंजा कस दिया है। केमार रोच सहित वेस्टइंडीज के गेंदबाजों के सामने बांग्लादेश की टीम टिक नहीं पायी और तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी में छह विकेट पर 132 रन ही बना पायी। इस प्रकार पहली पारी के आधार पर वह अभी भी मेजबान टीम से 42 रन ही पीछे है। बांग्लादेश ने पहली पारी में 234 रन बनाये थे जबकि वेस्ट इंडीज की टीम ने 408 रन। रोच ने दूसरी पारी में 10 ओवर में 32 रन देकर तीन विकेट लिए। बांग्लादेश के सलामी बल्लेबाज तामिम इकबाल को चार रनों पर ही पेवेलियन भेजकर रोच ने अपने 250 विकेट पूरे किये। अब वह वेस्टइंडीज के लिये सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में छठे स्थान पर पहुंच गये हैं। रोच ने बांग्लादेश के सलामी बल्लेबाज महमूदुल्लाह हसन जॉय को 13 और अनामुल हक को केवल चार रनों पर ही आउट कर दिया। वहीं नजमुल हुसैन शंटो ने

## इंग्लैंड के खिलाफ एकमात्र टेस्ट की कप्तानी विराट को दी जानी चाहिये : कनेरिया

**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर दानिश कनेरिया ने कहा है कि इंग्लैंड के साथ होने वाले एकमात्र टेस्ट में रोहित शर्मा के नहीं खेलने पर विराट कोहली को कप्तान बनाया जाना चाहिये। भारतीय टीम के कप्तान रोहित कोरोना संक्रमित होने के कारण अभी पृथकवास में हैं और उनके टेस्ट में खेलने की संभावनाएं नहीं हैं। ऐसे में टीम की कतानी के लिए तेजे गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और ऋषभ पंत के नाम सामने आये हैं। स्पिनर कनेरिया का कहना है कि विराट बेहद अनुभवी हैं , इसलिए इस अहम मैच में उन्हें टीम की कमान देनी चाहिये।कनेरिया ने कहा कि ऋषभ अभी युवा हैं और कप्तानी के लिए परिपक्व नहीं हैं। उन्हें इतनी बड़ी जिम्मेदारी देना ठीक नहीं है। हाल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज में टीम की कप्तानी दिये जाने पर उनकी बल्लेबाजी प्रभावित हुई है। ऐसा लगता है कि ऋषभ जरुरत से ज्यादा दबाव ले लेते हैं। इसलिए मेरा मानना है कि उनको अब आगे कप्तानी नहीं दी जानी चाहिए।

### भारत और इंग्लैंड के बीच 1 से से 5 जुलाई तक टेस्ट मैच खेला जाएगा।

कनेरिया ने कहा, ÷हैरानी की बात यह है कि कोहली के नाम की सलाह भी किसी ने नहीं दी, ऋषभ और बुमराह के नाम ही बर्मिंघम टेस्ट में कप्तानी के लिए सामने आये हैं। साथ ही कहा कि पुजारा इंग्लैंड में काफी समय से खेल रहे हैं। अगर रोहित कप्तानी के लिए उपलब्ध नहीं हैं तो वह भी एक विकल्प हो सकते हैं।

## भुवनेश्वर पावरप्ले में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बने

**डुबलिन।** भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने यहां आयरलैंड के खिलाफ हुए पहले ही टी20 में अपनी शानदार गेंदबाजी से एक अहम रिकार्ड अपने नाम किया। भुवनेश्वर टी20 अंतराष्ट्रीय क्रिकेट के पावरप्ले में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बने हैं। उन्होंने आयरलैंड के खिलाफ मुकाबले के पहले ही ओवर में एंड्रयू बालबर्नी को आउट किया। यह टी20 इंटरनेशनल मैच के पावरप्ले में भुवेश्वर का 34वां विकेट था। इस प्रकार वह पावरप्ले में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बने हैं। इसके अलावा इस मैच में भुवनेश्वर की एक गेंद की रफ्तार 208 किमी प्रति घंटा मापी गई जो विश्व में सबसे अधिक है। विश्व में सबसे तेज गेंद फेंकने वाले शोएब अख्तर का रिकार्ड भी 170 किमी प्रति घंटे से अधिक नहीं है। आज तक कोई भी गेंदबाज इतनी गति से गेंद नहीं फेंक पाया है। ऐसे में पता चला कि भुवनेश्वर की इस तेज रफ्तार गेंद के पीछे स्पीडोमीटर में आई तकनीकी गड़बड़ी रही है। भुवनेश्वर ने मैच का पहला ओवर फेंका था और इस ओवर की पहली गेंद की रफ्तार ही स्पीडोमीटर ने 201 किमी प्रति घंटा बताई जिससे सभी हैरान रह गये। इसी ओवर में ही स्पीडोमीटर ने एक बार फिर भुवनेश्वर की गेंद की एक गेंद की रफ्तार 208 किमी प्रति घंटा बता डाली। बाद में पता चला कि स्पीडोमीटर में आई तकनीकी गलती के कारण ऐसा हुआ।

## चहल और हुड्डा के शानदार प्रदर्शन से भारत ने आयरलैंड को हराया

**डुबलिन।** स्पिनर युजवेंद्र चहल और बल्लेबाज दीपक हुड्डा के अच्छे प्रदर्शन से टीम इंडिया ने रविवार को यहां पहले टी20 में मेजबान टीम आयरलैंड को सात विकेट से हरा दिया। इस प्रकार भारतीय टीम को दो मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल हो गयी है। बारिश के कारण यह मैच देर से शुरु हुआ। ऐसे में ओवरों की संख्या कम करते हुए मैच को 12-12 ओवर का कर दिया गया। इस मैच में मेजबान टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए हैरी टेक्टर की नाबाद 64 रन की पारी से 12 ओवर में चार विकेट पर 108 रन बनाए। वहीं इसके बाद भारतीय टीम ने तन विकेट के नुकसान पर तय ओवरों से पहले ही यह लक्ष्य हासिल कर लिया। भारतीय टीम की ओर से हुड्डा ने 29 गेंदों पर ही नाबाद 47 रनों की पारी खेली। हुड्डा के अलावा इशान किशन ने 26 जबकि हार्दिक पंड्या ने 24 रन बनाये। हुड्डा और कप्तान हार्दिक पंड्या ने तीसरे विकेट के लिए 64 रनों की अहम साझेदारी निभाई। वहीं आयरलैंड की ओर से क्रेग यंग ने दो जबकि जॉश लिटिल ने एक विकेट लिया। वहीं भारत की ओर से लक्ष्य का पीछा करते हुए सलामी बल्लेबाज किशन ने तेजी से चौके , छक्के लगाकर पारी शुरु की। इसके बाद मेजबान टीम के गेंदबाज क्रेग यंग ने लगातार दो गेंदों पर किशन और सूर्यकुमार यादव को आउट कर भारतीय टीम को करारा झटका दिया।

कप्तान हार्दिक ने चौके के साथ अपनी पारी शुरु की। चार ओवर के पावरप्ले के बाद भारत का स्कोर दो विकेट पर 45 रन पहुंच गया। स्पिनर एंडी मैक्ब्राइन पर हार्दिक ने दो और हुड्डा ने एक छक्का लगाकर 21 रन बनाये। पहली बार भारतीय टीम की कप्तानी कर रहे पंड्या ने टॉस जीतकर मेजबान टीम को बल्लेबाजी के लिए बुलाया। उनका ये फैसला पूरी तरह से सही रहा। इस मैच में युवा तेज गेंदबाज उमरान मलिक को उतरने का अवसर मिला। मैन ऑफ द मैच चहल के अलावा भारत की ओर से अनुभवी भुवनेश्वर कुमार ने तीन ओवर में 16 देकर एक विकेट लिया। पंड्या ने दो ओवर में 26 रन और आवेश खान ने दो ओवर में 22 रन बनाये।

## गेंहू के निर्यात पर रोक के बाद व्यापारियों ने निकाली नई राह, शुरू किया आटे का निर्यात, अब केंद्र ने लिया संज्ञान

**नई दिल्ली।** घरेलू बाजार में अनाज की कीमतों को बढ़ने से रोकने के लिए सरकार ने 13 मई को गेहूं निर्यात पर रोक लगा दिया था, लेकिन अब आटे के निर्यात को लेकर चिंता बढ़ रही है। दरअसल, गेहूं निर्यात पर रोक के बाद व?यापारी गलत तरीके से आटे का निर्यात कर रहे हैं और इसमें दोगुने से भी ज?यादा की तेजी आई है। वाणिज?य मंत्रालय ने बताया कि 13 मई को गेहूं निर्यात पर रोक के बाद आटे के निर्यात में अचानक काफी उछाल दिखने लगा है। व?यापारी सरकार के प्रतिबंधों में सेंध लगाते हुए अब गेहूं के बजाए आटे का निर्यात शुरू कर दिया है। वाणिज?य मंत्रालय ने कहा कि 13 मई के बाद आटे के निर्यात में अचानक दोगुने से ज?यादा का उछाल आया है। प्रतिबंध के बाद हर महीने करीब एक लाख टन आटे का निर्यात किया जा रहा है, जबकि पिछले पूरे वित?तवर्ष में सिर्फ 5 लाख टन आटे का निर्यात किया गया था। व?यापारी प्रतिबंधों में सेंध लगाने के लिए फर्जी लेटर ऑफ क्रेडिट का सहारा ले रहे हैं। 1 अप्रैल से 14 जून तक भारत का कुल गेहूं निर्यात 29।7 करोड़ टन रहा, जबकि इस दौरान आटे का निर्यात 2।59 लाख टन रहा है। सरकार ने बैन के बावजूद कई जरूरतमंद देशों को गेहूं का निर्यात किया है। मंत्रालय ने बताया है कि 13 मई को प्रतिबंध लगाने के बाद बांग?लादेश, अफगानिस?तान जैसे देशों को 18 लाख टन गेहूं का निर्यात किया गया।



## रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण भारत का डायमंड उद्योग की टूटी कमर, 50 हजार से ज्यादा कारीगर बेरोजगार हुए

**नई दिल?ली।** रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण भारत का डायमंड उद्योग बुरी तरह प्रभावित हुआ है। देश में डायमंड उद्योग का प्रमुख केंद्र गुजरात का सूरत शहर है, जहां उद्योगों के ठप होने 50 हजार से ज?यादा कारीगर बेरोजगार हुए हैं। भारत का हीरा उद्योग पूरी तरह आयात पर टिका हुआ है। सूरत में 65 फीसदी रफ डायमंड का आयात सिर्फ रूस से होता है। यूक्रेन के साथ युद्ध के बाद रूस से कमोडिटी का आयात बुरी तरह प्रभावित हुआ, जिसमें हीरे का आयात भी शामिल है। युद्ध के बाद से अब तक देश में रफ डायमंड का आयात 29 फीसदी घटा है। जिससे 50 हजार से ज?यादा कारीगर बेरोजगार हुए हैं, इन कामगारों के वेतन में भी कटौती की जा रही है। भारत हर साल रूस से करीब 75 हजार करोड़ रुपये का रफ डायमंड आयात करता है। भारतीय रत?न एवं आभूषण संवर्द्धन परिषद का कहना है कि आयात किए गए रफ डायमंड को सूरत, उत?तरी गुजरात और सौराष?ट्र में पॉलिश किया जाता है। उद्योगों के पास रफ डायमंड का पुराना स?टॉक अब खत?म हो चुका है। आयात भी लगातार घट रहा जिसमें अभी तक 29 फीसदी की कमी आ चुकी है। इसके बाद कारखाने बंद होने लगे जिससे 50 हजार से ज?यादा कारीगर बेरोजगार हुए हैं। गुजरात में हीरा तराशने और पॉलिश करने की करीब 8,000 यूनिट हैं. यहां पॉलिश हुए डायमंड अमेरिका, यूएई और हांगकांग में जाते हैं, जिसमें अमेरिका सबसे बड़ा खरीदार है।



## तांबा उत्पादन में बड़ा 6000 करोड़ रुपए निवेश करेगा अडाणी समूह, मुंद्रा में लगेगा प्रोजेक्ट

**नई दिल्ली।** अडानी ग्रुप तांबे में बड़ा निवेश करने वाला है। अडाणी समूह ने गुजरात के मुंद्रा में दस लाख टन के सालाना उत्पादन वाली यूनिट की स्थापना के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों से कर्ज की व्यवस्था की है। अडाणी समूह ने एक बयान में कहा अडाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड की अनुषंगी कच्छ कॉपर लिमिटेड कॉपर रिफायनरी प्रोजेक्ट की स्थापना कर रही है।

दो चरणों में बनने वाला यह प्लांट हर साल दस लाख टन रिफाइंड तांबे का उत्पादन करेगा। बयान में कहा गया कि इस परियोजना के लिए भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की अगुआई में बैंकों के एक गठजोड़ से कर्ज मिला है। केसीएल परियोजना के पांच लाख टन की क्षमता वाले पहले चरण के लिए बैंकों के इस गठजोड़ ने 6,071 करोड़ रुपये की कर्ज आवश्यकता के लिए समझौता किया और इसे मंजूरी दी। अडाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड के निदेशक विनय प्रकाश ने कहा इस परियोजना का परिचालन वर्ष 2024 की पहली




छमाही में शुरू हो जाएगा। कोरोना महामारी के बाद से दुनियाभर में तांबे की डिमांड काफी बढ़ गई है। इन्वेस्टमेंट बैंक गोल्डमैन सैस का कहना है कि यह इंडस्ट्रियल कमोडिटी एक ऐसे नए सुपर साइकल में है, जो साल 2004 से 2011 के बीच देखने को मिली थी। भारत की बात करें तो यहां तांबा बाजार में अधिक बड़े प्लेयर्स नहीं हैं। इसलिए यहां तांबा बाजार में अच्छे मौके हैं। रिन्यूएबल एनर्जी और इलेक्ट्रिक व्हीकल क्षेत्र में विकास की अपार संभावनाओं के चलते देश में तांबे की मांग बढ़ने का अनुमान है। स्टरलाइट कॉपर के बंद होने के बाद से भारत इस धातु का शुद्ध आयातक बन गया है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, इससे पहले लगभग दो दशकों तक देश तांबे का शुद्ध निर्यातक था। यह पैसा ग्रीनफील्ड प्लांट के पहले चरण के हिस्से के रूप में सालाना 0.5 मिलियन टन (एमटीपीए) की तांबा शोधन क्षमता स्थापित करने में खर्च होगा। दो चरणों में कुल 1 एमटीपीए की क्षमता प्राप्त करने का लक्ष्य रखा गया है। यह लोन भारतीय स्टेट बैंक (एसीआई) के नेतृत्व में बैंकों के एक कंसोर्टियम द्वारा दिया जाएगा। अडानी एंटरप्राइजेज द्वारा मीडिया को दी गई जानकारी के अनुसार कंसोर्टियम के अन्य बैंकों में बैंक ऑफ बड़ौदा, केनरा बैंक, एक्जिम बैंक ऑफ इंडिया, इंडियन बैंक, पंजाब नेशनल बैंक और बैंक ऑफ महाराष्ट्र शामिल हैं। अडानी एंटरप्राइजेज के डायरेक्टर विनय प्रकाश ने एक बयान में कहा आत्मनिर्भर भारत की दिशा में कदम बढ़ाए हुए केसीएल का लक्ष्य परिष्कृत तांबे की उत्पादन क्षमता स्थापित करना है।

## टाटा प्ले ने होम सिक्योरिटी सॉल्यूशन श्रेणी में कदम रखा

**मुंबई।** टाटा प्ले ने होम सिक्योरिटी सॉल्यूशन श्रेणी में कदम रख दिया है। कंपनी ने गूगल के साथ पार्टनरशिप करके नेस्टकोम (बैटरी) को भारत में लांच किया है। इस कैमरे से यूजर्स अपने घर और ऑफिस पर नजर रख पाएंगे। बेहतर यूजर एक्सपीरियंस देने के लिए गूगल नेस्ट कॉम (बैटरी) टाटा प्ले के सैटेलाइट बेस्ड प्लेटफॉर्म का यूज करेगा। टाटा प्ले ने कैमरे के साथ दो सिक्योरिटी सॉल्यूशन टाटा प्ले सोयर और टाटा प्ले शोयर प्लस को भी पेश किया है। गूगल नेस्ट कॉम (बैटरी) को 11,999 रुपये में पेश किया गया है। इस टाटा प्ले की वेबसाइट से खरीदा जा सकता है। इस डिवाइस को सिंगल स्नो कलर ऑप्शन में पेश किया गया है। गूगल के ये सिक्योरिटी कैमरे टाटा प्ले जो पैकज देगा उस पर काम करेंगे. टाटा प्ले शोयर प्लस सर्विस में नेस्ट कॉम और सालभर का नेस्ट अवेर सब्सक्रिप्शन फ्री दिया जाएगा। इस पैकेज में फैमिलियर फेस डिटेक्शन और 60 दिन तक वीडियो हिस्ट्री शामिल है। लांच के पहले फेज में टाटा प्ले सब्सक्राइबर्क को 10 शहरों में ये सर्विस मिलेगी। इसमें मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पुणे, हैदराबाद, चेन्नई, बैंगलोर, कोलकाता, दिल्ली एनसीआर, लखनऊ और जयपुर शामिल हैं। नेस्ट अवेर सर्विस को नेस्ट कॉम (बैटरी) के साथ बेचा जाएगा। इसका बेसिक प्लान 3000 रुपये से शुरू होता है। जबकि प्रीमियम प्लान का सालभर वाला प्लान 5000 रुपये का है। ये अल्ट्रनेटिव होम सिक्योरिटी सॉल्यूशन है। ये सर्विस सब्सक्राइबर्स के लिए 28 जून से उपलब्ध होगी।

# दीपिका पादुकोण को बिना ऑडिशन के ही मिल गई थी ओम शांति ओम



बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण करोड़ों दिलों पर राज करती हैं. दीपिका ने फिल्म ओम शांति ओम से अपने करियर की शुरुआत की थी. दीपिका की ये पहली ही फिल्म पर्दे पर सुपरहिट हुई थी. फिल्म में वह शाहरुख खान के साथ नजर आई थीं.आपको बता दें कि दीपिका को अपनी पहली फिल्म पाने के लिए न तो कोई ऑडिशन देना पड़ा और न ही किसी स्क्रीन टेस्ट से गुजरना पड़ा था. दीपिका पादुकोण ने अपने अब तक के करियर में एक से एक नायाब फिल्मों में काम किया है. एक्ट्रेस को खूबसूरती के साथ साथ शानदार एक्टिंग के लिए जाना जाता है. ओम शांति ओम के लिए बिना ऑडिशन के ही फराह और शाहरुख उन्हें फिल्म की हीरोइन मान बैठे थे. खबर के अनुसार पहली ही फिल्म से फैंस को दीवाना करने वाली दीपिका पादुकोण ने एक इंटरव्यू में अपनी फिल्मी जर्नी से जुड़ी कई सारी बातें शेयर की थीं. खबर के अनुसार दीपिका ने अपने अपनी पहली फिल्म पर कुछ खुलासे किए. एक्ट्रेस ने बताया है कि वह फिल्मी दुनिया से पूरी तरह से अंजान थीं. उनको कैमरा फेस हो या फिर डायलॉग डिलिवरी, उन्हें कई ऐसी बातें फिल्म से जुड़ी नहीं पता थीं. लेकिन एक्ट्रेस के अनुसार डायरेक्टर फराह खान भी उन पर भरोसा था और उन पर जरा भी डाउट नहीं था कि वे फिल्म में काम नहीं कर पाएंगी. दीपिका ने बताया कि न्यूकमर होने के बावजूद फिल्म के लिए उनका न तो ऑडिशन लिया गया और न ही स्क्रीन टेस्ट. दीपिका ने बताया कि फिल्म में उनकी शाहरुख ने भी काफी मदद की थी. आपको बता दें कि दीपिका पादुकोण भले फिल्मों के लिए नई हों लेकिन वह एक प्रसिद्ध परिवार से आती हैं. दीपिका का पिता प्रकाश पादुकोण इंडियन बैडमिंटन के एक बड़े प्लेयर रहे हैं. ऐसे में दीपिका को हो सकते है पिता के नाम का भी फायदा मिला हो हालांकि हम इस पर मुहर नहीं नहीं लगा रहे हैं. दीपिका पादुकोण को फैंस ने आखिरी बार मेघना गुलजार की फिल्म धपाक में देखा था. फिल्म में दीपिका के अपोजिट विक्रांस मैसी नजर आए थे।

## उर्वशी रौतेला और गुरु रंधावा का गाना डूब गए रिलीज



बॉलीवुड की अभिनेत्री उर्वशी रौतेला इन दिनों एक के बाद एक कई म्यूजिक वीडियो में नजर आ रही हैं। अब हाल ही में उर्वशी रौतेला का नया म्यूजिक वीडियो रिलीज किया गया है। जो एक रोमांटिक सॉन्ग है। उर्वशी रौतेला इस म्यूजिक वीडियो में मशहूर सिंगर गुरु रंधावा के साथ नजर आ रही हैं। उनका ये गाना पिछले काफी समय से सुर्खियों में बना हुआ था। हालांकि अब इस गाने को रिलीज कर दिया गया है। गुरु रंधावा और उर्वशी रौतेला के गाने की शूटिंग से जुड़ी वीडियोस और तस्वीरें बीते दिनों उनके फैंस के साथ शेयर की गई थी। जिसको देखने के बाद इस गाने की रिलीज का इंतजार भी कर रहे थे। हालांकि अब उनका गाना डूब गए रिलीज हो गया है। रिलीज होते ही डूब गए गाना इंटरनेट की दुनिया में धमाल मचा रहा है। गुरु रंधावा और उर्वशी रौतेला का नया गाना डूब गए बीते दिनों रिलीज किया गया था। जिसमें इन दोनों ही कलाकारों का रोमांटिक अंदाज उनके चाहने वालों को पसंद आ रहा है। जैसे ही रोमांटिक गाना डूब गए रिलीज किया गया वैसे ही इंटरनेट पर धमाल मचाने लगा। अब तक ढेर सारे व्यूज इस गाने को मिल चुके हैं। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि डूब गए गाने की शूटिंग गोवा के साथ-साथ कई जगह पर की गई है। जिसमें उर्वशी रौतेला हमेशा की तरह बेहद खूबसूरत नजर आ रही हैं। वहीं इस गाने में गुरु रंधावा ने अपनी आवाज से एक बार फिर से अपने चाहने वालों का दिल जीता है।

## मुंबई आई तो मेरे माता-पिता निराश थेः माहिका शर्मा

अभिनेत्री माहिका शर्मा का कहना है कि उनके माता-पिता कभी नहीं चाहते थे कि वे अभिनेत्री बनें। माहिका एफआईआर और तू मेरे अगल बगल है जैसे सीरीयल में किए गए अभिनय से जानी जाती हैं। उन्होंने कहा कि मुझे याद है कि मेरे माता-पिता ने यहां मनोरंजन उद्योग में अपना करियर बनाने के लिए कभी मेरा समर्थन नहीं किया। मैं उन्हें निराश करते हुए मुंबई आई। इस नए शहर में मेरा कोई स्रोत या संपर्क नहीं था। अभिनेत्री का कहना है कि उन्होंने खुद को बनाए रखने के लिए आध्यात्मिकता और प्रार्थना की ओर रुख किया। अभिनेत्री ने कहा कि वह भगवान हनुमान पर भरोसा करके हिम्मत हासिल करती हैं और उनके साथ हमेशा एक हनुमान चालीसा होती है।

# पुष्पा के बाद पिता की अगली में नजर आ सकते हैं अल्लू अर्जुन



इसमें कोई दो राय नहीं है कि अल्लू अर्जुन साउथ फिल्म इंडस्ट्री के एक मशहूर और स्टाइलिश अभिनेता हैं। जिन्होंने अपने अब तक के करियर के दौरान कई धमाकेदार और सुपर हिट फिल्मों में काम किया है। जिसको उनके फैंस भी काफी ज्यादा पसंद करते हैं। अभिनेता अल्लू अर्जुन की फैन फॉलोइंग साउथ फिल्म इंडस्ट्री में ही नहीं बल्कि हिंदी भाषी क्षेत्रों में भी काफी ज्यादा है। अब अभिनेता अल्लू अर्जुन को लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जिसको जानने के बाद उनके चाहने वालों की खुशी का ठिकाना ही नहीं रहेगा। खबरों के अनुसार ऐसा कहा जा रहा है कि, अभिनेता अल्लू अर्जुन अपने पिता और निर्माता अल्लू अरविंद के साथ अगली फिल्म में काम करने वाले हैं। अभिनेता अल्लू अर्जुन अपने पिता और निर्माता अरविंद अल्लू के साथ अगले प्रोजेक्ट में काम करने की खबरें सामने आ रहे हैं। हालांकि उनका अगला प्रोजेक्ट किया है इसके बारे में कोई जानकारी सामने नहीं आई है। वैसे आपकी जानकारी के लिए बता दें कि अभिनेता अल्लू अर्जुन के अगले प्रोजेक्ट को जो खबरें सामने आ रही है उसमे कितनी सच्चाई है इसके बारे में वहीं बेहतर जानते होंगे। अगर हम बात करें अल्लू अर्जुन की तो उनको पिछले दिनों कोरोना वायरस से पॉजिटिव पाया गया था। जिसकी वजह से उन्होंने खुद को होम क्वारंटीन कर लिया था। अभिनेता अल्लू अर्जुन के काम की बात करें तो वो आने वाले दिनों में फिल्म पुष्पा में नजर आने वाले हैं। जिसकी कहानी काफी दिलचस्प है। फिल्म में मुख्य किरदार के रूप में अल्लू अर्जुन के साथ रश्मिका मंदाना भी नजर आएंगी। अभिनेत्री अपनी फिल्म के लिए काफी ज्यादा उत्साहित है।

# पूरी नींद न लेने से हो सकती हैं इतनी समस्याएं !

हेल्दी लाइफस्टाइल के लिए जितना अहम रोल खानपान और व्यायाम का होता है, उतनी ही जरूरी नींद भी होती है. विशेषज्ञों की मानें तो स्वस्थ शरीर के लिए हर व्यक्ति को कम से कम 8 घंटे की नींद जरूर लेनी चाहिए. लेकिन इस तकनीकी दुनिया ने इंसान की पूरी दिनचर्या को ही बिगाड़कर रख दिया है. काम का प्रेशर ऐसा है कि सुकूनभरी नींद के लिए भी कई जतन करने पड़ते हैं. बिस्तर पर लेटने के बाद भी थके हुए शरीर को हर वक्त चलता दिमाग ठीक से सोने नहीं देता और घंटों करवटें बदलते निकल जाते हैं. नींद का पूरा न होना इंसान के लिए कितनी समस्याएं खड़ी कर सकता है, इसका अंदाजा भी शायद आपको न हो. यहां जानिए इसके बारे में.

### तनाव, गुस्सा और डिप्रेशन

नींद पूरी नहीं होने से दिमाग को आराम नहीं मिल पाता और वो हर वक्त चलता रहता है. इसके कारण स्ट्रेस बढ़ता है. तनाव की स्थिति में कभी कोई काम ठीक से नहीं हो पाता. ऐसे में गुस्सा, इरिटेशन और डिप्रेशन जैसी दिक्कतें होना शुरू हो जाती हैं.



### दिल की सेहत पर बुरा असर

ठीक तरीके से नींद न ले पाने से शरीर का मेटाबॉलिज्म रेट प्रभावित होता है. इसकी वजह से शरीर में चर्बी बढ़ने लगती है. ऐसे में दिल की सेहत पर बुरा असर पड़ता है और हाई बीपी, डायबिटीज और हृदय संबन्धी परेशानियों का रिस्क बढ़ जाता है।

### इम्यून सिस्टम होता कमजोर

कोरोना काल में इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाने की बातें हो रही हैं. लेकिन आपको जानकर हैरानी होगी कि पूरी नींद न लेने से हमारा रोग प्रतिरोधक तंत्र प्रभावित होता है और अगर इम्युनिटी कमजोर हो तो व्यक्ति को कोई भी इंन्फेक्शन, खांसी, जुकाम, बुखार आदि समस्याएं जल्दी घेर लेती हैं।

### ब्रेस्ट कैंसर का रिस्क

तमाम रिसर्च बताती हैं कि नींद पूरी नहीं होने से शरीर की कोशिकाओं को काफी नुकसान पहुंचता है, जिसकी वजह से महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर का खतरा बढ़ जाता है।

### हार्मोनल समस्याएं

आजकल महिलाओं में थायरॉयड, पीसीओडी जैसी कई हार्मोनल परेशानियां का ग्राफ तेजी से बढ़ रहा है. इसकी बड़ी वजह स्ट्रेस है. नींद की कमी से भी स्ट्रेस बढ़ता है और ये तनाव कई समस्याओं की वजह बनता है. इसकी वजह से हार्मोन असंतुलित हो जाते हैं और महिलाओं में चिड़चिड़ापन, मूड स्विंग, पीरियड की अनियमितता, मोटापा जैसी परेशानियां हो जाती हैं. ये परेशानियां अन्य बीमारियों को न्योता देती हैं। आधी अधूरी नींद का असर याददाश्त पर भी पड़ता है और व्यक्ति रोजमर्रा की सामान्य बातें भी भूलने लगता है।

# कार्तिक आर्यन ने मास्क ना पहनने वालों को डराया



बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन इन दिनों अपने घर पर हैं, जहां वो कोरोना को लेकर कई सारी जानकारी अपने फैंस के साथ साझा कर रहे हैं. ऐसे में एक्टर ने अब से कुछ देर पहले अपनी एक तस्वीर को शेयर किया है. इस तस्वीर को शेयर करते हुए एक्टर ने बताया है कि अगर आप लोग मास्क नहीं पहेंगे तो आपके साथ क्या होगा. आपको बता दें, अब से कुछ दिनों पहले ही एक्टर कोरोना पॉजिटिव हुए थे, जिसके बाद उन्होंने खुद को अपने घर में आइसोलेट कर लिया था. जिसके बाद कहीं जाकर एक्टर निगेटिव हुए. जिसके बाद अब एक्टर चाहते हैं कि उनके फैंस भी अपना ख्याल रखें जिसे लेकर एक्टर ने अपनी नई पोस्ट को शेयर किया है. एक्टर ने जो अपनी तस्वीर को शेयर किया है उसमें एक्टर डायनासॉर के मुंह में अपना सिर डालते हुए नजर आ रहे हैं. एक्टर इस तस्वीर को शेयर करते हुए बताना चाहते हैं कि अगर आप अब भी मास्क नहीं पहनते हैं, तो आप इसके खुद ही जिम्मेदार हैं. क्योंकि अब कोरोना कहर अपने चर्म पर है. जहां आए दिन कोरोना के वजह से 3000 से ज्यादा मौत पूरे भारत में हो रही है. वहीं, इस तस्वीर में डायनासॉर का मुंह खुला हुआ है उसके डरावने दांत दिखाई दे रहे हैं. एक्टर की इस तस्वीर को उनके फैंस खूब पसंद कर रहे हैं. इस तस्वीर को शेयर करते हुए कार्तिक ने कैप्शन में लिखा- 'बिना मास्क के चेहरों के अंदर कोरोना इस तरह स्लाइड करके चला जाता है. वहीं हाल ही में कार्तिक आर्यन की डेट्स की वजह से उन्हें बॉलीवुड के सबसे बड़े प्रोडक्शन हाउस धर्मा की बड़ी फिल्म दोस्ताना 2 से हाथ धोना पड़ा है।

# बिना फ्रिज के भी खानेः पीने की चीजों को रख सकते हैं सुरक्षित, फॉलो करें ये टिप्स



गर्मियों में बिना फ्रिज के खाने ङ्क पीने की चीजों को सुरक्षित रखना थोड़ा मुश्किल हो जाता है. कभी-कभी बिजली जाने पर ये चीजें खराब हो जाती है. इसके अलावा फ्रिज भी खराब हो सकता है. ऐसे में आप कुछ ऐसी टिप्स को फॉलो कर सकते हैं. जिसकी वजह से खाना खराब नहीं होगा. आइए जानें कैसे? सब्जियों को सुरक्षित रखने के लिए: सब्जियों को सुरक्षित रखने के लिए आप सब्जियों को काटकर धूप में सूखा लें. इसके जरिए आप बैक्टीरिया से बचाव कर सकते हैं. सुखाकर इसका स्वाद और भी बढ़ता है. क्योंकि ऐसा करने से सब्जियों का पानी निकल जाता है. ऐसा करने से आप बिना फ्रिज के भी सब्जियों को सुरक्षित रख सकते हैं.

**बटर और जैम को सुरक्षित रखने के लिए:** बटर और जैम जिन्हें अधिकतर मार्केट से खरीदा जाता है. ये चीजें बाहर रखने से बहुत जल्दी खराब हो जाती है. इन्हें सुरक्षित रखने के लिए आप ठंडा पानी का इस्तेमाल कर सकते हैं. इसके लिए आपको किसी बर्तन में पानी रखना होगा. इसके बाद बटर या जैम इसमें रख दें. ऐसा करने से आप इसे कई दिनों तक खराब होने से बचा सकते हैं।

**दूध को सुरक्षित रखने के लिए:** दूध को गर्मियों में बिना फ्रिज के सुरक्षित रखना थोड़ा मुश्किल हो जाता है. दूध को सुरक्षित रखने के लिए पहले इसे उबाल लें. इसके बाद इसमें एक चम्मच शहद डाल दें . ऐसा करने से आप इसे कुछ समय तक खराब होने से बचा सकते हैं.

**अंडे को सुरक्षित रखने के लिए:** अंडे भी गर्मियों में बहुत जल्दी खराब हो जाते हैं. गर्मियों में उबले हुए अंडे तेजी से खराब होते है. ये अंडे केवल 1 से 2 घंटे में खराब होने लगते हैं. इन्हें सुरक्षित रखने के लिए आप पानी का इस्तेमाल कर सकते हैं. इसके लिए आप अंडे को पानी में डुबोकर कर रख सकते हैं. इस कच्चे अंडे का आप एक से दो दिन में फ्राई करके सेवन कर सकते हैं. इसके अलावा आप इन अंडों को ठंडी जगह पर स्टोर करके रख सकते हैं. इस दौरान पेपर का इस्तेमाल कर इन्हें ढककर जरूर रखें।

**दही को सुरक्षित रखने के लिए:** बिना फ्रिज के दही आसानी से खराब हो जाता है. दही को खराब होने से बचाने के लिए आप दो से तीन चम्मच शहद इसमें मिला दें. ऐसा करने से आप कुछ समय तक इसे प्राकृतिक रूप से खराब होने से बचा सकते हैं.

**चिकन और मटन को सुरक्षित रखने के लिए:** चिकन और मटन बिना फ्रिज के सुरक्षित रखना चाहते हैं. तो इसके लिए आपको इसके पानी को बाहर निकाल दें. इससे इसमें बैक्टीरिया नहीं पनपेगा. इसके बाद इसे माइक्रोवेव में रखें या इसे तल लें. फिर इसे एक बर्तन में रखकर सूती कपड़े से ढंक दें।

## फूलों के बीच ग्लैमरस अंदाज में नजर आई मौनी रॉय



*मौनी रॉय उन एक्ट्रेस की लिस्ट में शामिल हैं जिनका स्टाइल स्टेटमेंट अक्सर ही सोशल मीडिया पर नजर आ जाता है। यहीं नहीं जब भी मौनी रॉय पपराजी के कैमरे में भी कैद होती हैं तो उनका ड्रेसिंग सेंस लाजवाब रहता है। हर बार की तरह ही इस बार भी मौनी ने अपने गॉर्जियस लुक की कुछ तस्वीरें फैंस के साथ साझा की हैं। जिसमे उनका लुक हॉट एंड क्यूट नजर आ रहा है। सनफ्लावर फूलों के बीच खड़ी मौनी रॉय इन तस्वीरों में गजब ढा रही हैं। वहीं दूसरी तरफ उनकी ड्रेस भी कुछ कम खास नही है। ब्लैक एंड व्हाईट कलर की ड्रेस पर स्पैगेटी स्लीव लगी है। ब्लैक पैटर्न पर सफेद रंग के फूल बने हैं। जबकि साइड स्लीव पर लैस की डिटेलिंग की गई है। इन तस्वीरों में फैन्स मौनी रॉय की अदाओं को खूब पसंद कर रहे हैं और इन पर दिल खोलकर लाइक और कमेंट्स करते नजर आ रहे हैं।*

## गन कल्चर पर सख्ती

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने शनिवार को पिछले कुछ दशकों के काफी अहम माने जा रहे बंदूक हिंसा रोधी विधेयक पर हस्ताक्षर कर दिए। इस विधेयक को डेमोक्रेटिक और रिपब्लिकन दोनों राजनीतिक दलों का समर्थन मिला। टेक्सास में एक प्राथमिक विद्यालय में एक बंदूकधारी की ओर से 19 छात्रों और दो शिक्षकों की हत्या किए जाने की घटना के बाद देश में हथियार खरीदने संबंधी एक कड़े कानून के लिए सरकार पर दबाव था। स्कूल की घटना सहित हाल में हुई गोलीबारी की सिलसिलेवार घटनाओं से पहले इस तरह के किसी विधेयक को अकल्पनीय माना जा रहा था। बाइडेन ने विधेयक पर हस्ताक्षर करने के बाद व्हाइट हाउस में कहा, इससे लोगों के जीवन की रक्षा होगी। गोलीबारी की घटनाओं में मारे गए लोगों के परिजनों का संदेश था कि हम कुछ करें। आज हमने यह कर दिया। गुरुवार को इस विधेयक को अमेरिकी संसद के उच्च सदन सीनेट से और शुक्रवार को निचले सदन प्रतिनिधि सभा से मंजूरी मिल गई थी। अब बाइडेन के हस्ताक्षर करने के साथ ही यह विधेयक एक कानून बन गया है। बाइडेन ने यूरोप में दो शिखर सम्मेलनों के लिए वाशिंगटन से रवाना होने से ठीक पहले विधेयक पर हस्ताक्षर किए। 13 अरब डॉलर के इस विधेयक के तहत कम उम्र के बंदूक खरीदारों की पृष्ठभूमि की कड़ी जांच की जाएगी और राज्यों को खतरनाक समझे जाने वाले लोगों से हथियार वापस लेने का अधिकार दिया जाएगा। इसके अलावा विद्यालयों की सुरक्षा, मानसिक स्वास्थ्य और हिंसा की रोकथाम के स्थानीय कार्यक्रमों को निधि मुहैया कराई जाएगी। अमेरिका को हिलाकर रख देने वाली गोलीबारी की घटनाओं के परिप्रेक्ष्य में यह कानून अत्यंत महत्वपूर्ण है। देश में बंदूक हिंसा के खिलाफ उठाया गया सांसदों का पिछले कुछ दशकों में यह सबसे बड़ा कदम है। रिपब्लिकन पार्टी हथियारों की बिक्री पर रोक लगाने के डेमोक्रेटिक प्रयासों को सालों से बाधित कर रही थी, लेकिन न्यूयॉर्क और टेक्सास में हुई गोलीबारी की घटनाओं के मद्देनजर डेमोक्रेटिक पार्टी के अलावा कुछ रिपब्लिकन सांसदों ने इस बार फैसला किया कि इस संबंध में संसद की निष्क्रियता अब स्वीकार्य नहीं है। दो सप्ताह तक चली बातचीत के बाद दोनों दलों के सांसदों के एक समूह ने यह विधेयक पेश करने संबंधी समझौता किया, ताकि बंदूक हिंसा को रोका जा सके। गोलीबारी की सिलसिलेवार घटनाओं के बाद अमेरिका के गन कल्चर पर बहस शुरू हो गई थी। अमेरिका का गन कल्चर उतना ही पुराना है जितना कि अमेरिका का संविधान। 1791 में अमेरिका के दूसरे संविधान संशोधन में सभी नागरिकों को बंदूक रखने का अधिकार दे दिया गया था। अमेरिकी संविधान में कहा गया है कि देश की स्वाधीनता सुनिश्चित रखने के लिए हथियार रखना और उसे लेकर चलना नागरिकों का अधिकार है। इस वजह से 18 साल से ऊपर के हर अमेरिकी नागरिक को अपने पास बंदूक रखने की छूट खुद संविधान ने दी है बशर्ते वो मानसिक रूप से बीमार ना हो। अमेरिका में इस कल्चर की शुरुआत तब हुई थी, जब वहां अंग्रेजों का शासन था। उस समय वहां स्थायी सिक्योरिटी फोर्स नहीं थी, इसीलिए लोगों को अपनी और परिवार की सुरक्षा के लिए हथियार रखने का अधिकार दिया गया। अमेरिका में गन कल्चर दुनिया में सबसे ज्यादा कुख्यात है। माना जाता है कि यहां बंदूक खरीदना सब्जी और फल खरीदने जैसा है। अमेरिका में सैकड़ों ऐसे स्टोर, शॉपिंग आउटलेट और छोटी-छोटी दुकानें हैं, जहां बंदूकें बेची जाती हैं। पूरे अमेरिका में हर वीकेंड पर बंदूकों की प्रदर्शनी लगती है। वहां बंदूकें वॉलमॉर्ट जैसी बड़ी कंपनियों के स्टोर से लेकर छोटी दुकानों पर बिकती हैं।

# दुनिया का दस्तूर है, यहां किसी को नहीं पड़ी होती किसी की?

नरेन्द्र भारती



एक विद्वान ने कहा था कि दुनिया का दस्तूर है,यहां किसी को नहीं पड़ी होती किसी की। यह एक सच्चाई है। कौन जी रहा है,कौन मर रहा है किसी को कोई सरोकार नहीं है। संवेदनहीन समाज व बेरहम लोग हैं। विद्वान का यह कथन सौ फीसदी सच साबित हो रहा है। आज मतलबी लोगों का जमावड़ा बढ़ता ही जा रहा है। आज मतलब निकल जाने पर कोई नहीं पहचानता है। कौन दोस्त ,कौन दुश्मन पहचान मुश्किल होती जा रही है। विश्वासघात किए जा रहे हैं। आधुनिकता के रंग में रंगता इंसान अहसान फरामोष होता जा रहा है। आधुनिक इंसान इंटरनैट की दुनिया में मस्त है। सुबह से षाम तक इंटरनैट पर व्यस्त है। चौबीस घंटे भी कम पड़ते जा रहे है। आज मां-बाप के अहसानों को भूला दिया जाता है। मानवता आज मर चुकी है चारों तरफ अन्धेर मचा हुआ है। एक दूसरे को नीचा दिखा रहे है। चंद कागज के टुकड़ों व सोने के सिक्कौं के कारण आज मानव इतना अभिमान करता है कि दूसरे आदमी का अनादर करने में गर्व महसूस करता है। आदमी भले ही कितना बड़ा बन जाए अतीत की परछाईयां उसका दामन नहीं छोड़ती मरते दम तक साथ रहती हैं। कहते है कि हाथ से छिना जा सकता है मगर भाग्य को नहीं छिना जा सकता। जो भाग्य में है वह जरुर मिलेगा। देर जरुर है मगर सच ही पुरस्कृत होता है। आज कुछेक लोग तिगड़म करके ऐसे पदों पर विराजमान है जिसके वे काबिल नहीं है लेकिन सिफारिष के बलबूते स्थान हासिल करने वालों को एक दिन वक्त जरुर धूल चटाता है जब वह प्रतिभा के आगे नहीं टिकता । कुछ लोग आत्मकेन्द्रित होते हैं बस अपना काम हो जाए दुनिया भाड़ में जाए। समाज में ऐसे लोग घातक होते है। आज भूखी जुएं अपनी औकात भूलकर ऐसे इतराती है कि जैसे खानदानी रईस हो पर वक्त के पास हर आदमी का लेखा-जोखा है कि कौन रईस था और कौन दाने-दाने को मोहताज था। किसी को छोटा नहीं समझना चाहिए हर आदमी से समानता का व्यवहार करना चाहिए। कभी भी भेदभाव नहीं करना चाहिए। वक्त बदलते देर नहीं लगती भाग्य किसी को भी अर्ष पर ले जाता है और किसी को फर्ष पर ले जाता है इसलिए मानव को मर्यादा में रहकर ही हर काम करना चाहिए। आदमी को किसी के साथ भी धोखा नहीं करना चाहिए। किसी के साथ विश्वासघात नहीं करना चाहिए। क्योंकि एक बार विश्वास टूट जाता तो फिर से कायम कर पाना मुश्किल हो जाता है। ऐसे मानव का जीवन व्यर्थ है जो दूसरों को दुख देता है। गरीब आदमी को कभी नहीं सताना चाहिए अगर गरीब की बददुआ लग जाए तो बड़े से बड़ा धराषायी हो जाता है इसलिए हर मानव को हमेषा मानव के लिए अच्छे कार्य करने चाहिए। मानव को ऐसे काम करने चाहिए कि मरने के बाद भी उसे सदियों तक एक अच्छे इन्सान के रुप में हमेषा याद किया जा सके। भूखे को रोटी और प्यासे को पानी पिलाना चाहिए। आज का मानव पैसों से बैंक के खातों को तो भर रहा है मगर उपर का खाता खाली है इसलिए प्रत्येक साधन-संपन्न मानव को लाचार व गरीब लागों को दान पुण्य करना चाहिए। मानव को एकजुट होकर हर मानव का काम करना चाहिए, कहते है कि एकता में बड़ा बल होता है। प्रत्येक मानव को पता है कि एक दिन सबको मौत आनी है तो फिर मानव क्यों नहीं समझ रहा है। मानव जब कोई चीज बनाता है तो वह उसकी गांरटी तय करता है मगर उसकी अपनी कोई गांरटी नहीं है कि कब प्राण निकल जाएं। रात दिन अवैध तरीकों से जायदाद जोड़ रहा है मगर किसके लिए आज तक कोई उठा कर नहीं लेकर गया तो फिर यह मोह माया क्यों है। मानव को नीच कर्मो को छोड़ देना चाहिए अच्छे कर्म करने चाहिए। मानव जीवन एक बार ही मिलता है बार-बार नहीं मिलता। प्रकृति से उपर कोई नहीं है। ईश्वर की चक्की जब चलती है तो वह पाप और पापी को पिस के रख देती है। यह एक षाश्वत सत्य है आधुनिक समाज का मानव आज दानवों से भी घिनौने कर्म कर रहा है। ऐसे कर्म करती बार वह न तो दुनिया से डरता है और न ही भगवान से डरता है मगर कहतें हैं जब ईश्वर की लाठी पड़ती है तो उसमें आवाज नहीं होती। मानव को उसके बुरे कर्मो की सजा जरुर मिलती है। भगवान के घर देर जरुर है मगर अन्धेर नहीं है। मानव आज दानवों की श्रेणी में आता जा रहा है। मंदिरों में कुकृत्य कर रहा है ऐसे कर्मो से वसुंधरा कांप रही है। मानवता आज मर चुकी है चारों तरफ अन्धेर मचा हुआ है। एक दूसरे को नीचा दिखा रहे है। चंद कागज के टुकड़ों व सोने के सिक्कौं के कारण आज मानव इतना अभिमान करता है कि दूसरे आदमी का अनादर करने में गर्व महसूस करता है। मगर पैसा तो एक वेश्या के पास भी होता है। वक्त का पहिया जब घूमता है तो कंगाल होने में देर नहीं लगती। मानव झूठ-फरेब करके अमीरी का लबादा पहन रहा है मगर झूठ के पांव नहें होते। कभी न कभी झूठ लड़खडा सकता है मगर जो सच्चाई के पथ पर चलता है उसका बाल तक बांका नहीं होता तभी तो कहते है कि सांच को आंच नहीं आती। राजा को रंक बनने में एक पल भी नहीं लगता । आज ईमानदार लोगों की कद्र नहीं है जबकि बेईमानों को पूजा जा रहा है मगर यह सर्वमान्य है कि हमेषा ईमानदारी की जीत हुई है बेईमानी औंधे मुंह गिरी है। बेइमानी की सदा हार हुई है। मानव आज मानव से नफरत कर रहा है। दूसरों का बुरा कर रहा है उनके जीवन में अन्धकार कर रहा है पर अगर खुदा को रोषनी हो मंजूर तो आंधियों में भी चिराग जलते हैं। आज हालात ऐसे हैं कि लोग अपने निजि स्वार्थो के लिए दूसरों को नुक्सान पहुचाने से भी नहीं चुकते जब अल्लाह की आंधी जुल्मों के खिलाफ चलती है तो पापियों का सर्वनाष होता है। चिथड़े उड़ जातें है उस फितरती मानव के जो नराधम बन कर लोगों का दमन करता है। मानव को हमेषा अतीत का आईना देखते रहना चाहिए ताकि अहसास होता रहे कि ऐसे भी दिन थे दिन एक जून की रोटी नसीब नहीं होती थी आज जब समय बदला तो अपना गुजरा हुआ वक्त भूल रहा है। आदमी भले ही कितना बड़ा बन जाए अतीत की परछाईयां उसका दामन नहीं छोड़ती मरते दम तक साथ रहती हैं। कहते है कि हाथ से छिना जा सकता है मगर भाग्य को नहीं छिना जा सकता। जो भाग्य में है वह जरुर मिलेगा। देर जरुर है मगर सच ही पुरस्कृत होता है। आज कुछेक लोग तिगड़म करके ऐसे पदों पर विराजमान है जिसके वे काबिल नहीं है लेकिन सिफारिष के बलबूते स्थान हासिल करने वालों को एक दिन वक्त जरुर धूल चटाता है जब वह प्रतिभा के आगे नहीं टिकता । एक कहावत की घर का जोगड़ा बाहर का जोगी सिद्ध आज पूरी तरह चरितार्थ हो रही है । मगर मानव को एक बात हमेषा याद रखनी चाहिए कि मुसीबत में अपने ही काम आते है बाहर के तमाषा देखते हैं। आज अपनों को नीचे गिराया जाता है और बाहर के लोगों को उपर उठाया जाता है भेदभाव किया जाता है प्रतिभा को दबाया जाता है और चंद स्वार्थों के लिए बाहर के लोगों को फायदा पहुंचाया जाता है । आज कितने ही प्रतिभावान लोग है जिन्हे दरकिनार करके अयोग्य लोगों को मौका दिया जाता है। अनुभवहीन लोग आज इतने बड़े बन जाते है कि दूसरों को पाठ पढ़ाने लगते है कि कौन काम सही है और कौन गलत मगर सच्चाई सौ परदे फाड़ कर बाहर आती है तब ऐसे लोग खाक में मिल जाते है यह वक्त का कैसा तकाजा है कि आज सच्चे व इरादों के पक्के लोगों को मुख्यधारा से बाहर किया जा रहा है मगर वक्त एक ऐसा तराजू है जिसके एक पलड़े में जिन्दगी और दूसरे पलड़े में मौत होती है जीवन और मृत्यु में सिर्फ सांसों का फासला है। जब इन्सान जिन्दा होता है तो कोई उसका हाल तक नहीं पूछता लेकिन जब संसार से रुखस्त हो जाता है तो हर आदमी मातम में षामिल होने में अपनी षान समझतें है।

## आशा निराशा

एक मछुआरा था । उस दिन सुबह से शाम तक नदी में जाल डालकर मछलियाँ पकड़ने की कोशिश करता रहा , लेकिन एक भी मछली जाल में न फँसी। जैसे -जैसे सूरज डूबने लगा, उसकी निराशा गहरी होती गयी । भगवान का नाम लेकर उसने एक बार और जाल डाला । पर इस बार भी वह असफल रहा। पर एक वजनी पोटली उसके जाल में अटकी । मछुआरे ने पोटली निकला और टटोला तो झुंझला गया और बोला - हाय ये तो पत्थर है ! फिर मन मारकर वह नाव में चढा। बहुत निराशा के साथ कुछ सोचते हुए वह अपने नाव को आगे बढ़ता जा रहा था और मन में आगे के योजनाओं के बारे में सोचता चला जा रहा था । सोच रहा था कल दुसरे किनारे पर जाल डालूँगा। सबसे छिपकर ...उधर कोई नही जाता ....वहां बहुत सारी मछलियाँ पकड़ी जा सकती है ... । मन चंचल था तो फिर हाथ कैसे स्थिर रहता ? वह एक हाथ से उस पोटली के पत्थर को एक -एक करके नदी में फेंकता जा रहा था । पोटली खाली हो गयी । जब एक पत्थर बचा था तो अनायास ही उसकी नजर उसपर गयी तो वह स्तब्ध रह गया । उसे अपने आँखों पर यकीन नही हो रहा था , यह क्या ! ये तो क्नीलम % था । मछुआरे के पास अब पछताने के अलावा कुछ नही बचा था . नदी के बीचोबीच अपनी नाव में बैठा वह सिर्फ अब अपने को कोस रहा था । प्रकृति और प्रारब्ध ऐसे ही न जाने कितने नीलम हमारी झोली में डालता रहता है जिन्हें पत्थर समझ हम ठुकरा देते हैं।

# कहो तो कह दूं । इन दिनों वोटर बन गए सीता मैया और प्रत्याशी हो गए लक्ष्मण भैया

चैतन्य भट्ट



पूरे प्रदेश में इस वक्त एक ही काम चल रहा है और वो काम है आम आदमी के चरण छूने का, हर नेता हर प्रत्याशी आम जनता के चरण पकड़ने का कोई भी मौका हाथ से नहीं जाने देना चाहता, जबरिया अपने सर पर हाथ रखवाकर उससे आशीर्वाद मांग रहा है भले ही उस व्यक्ति को आशीर्वाद देने की तनिक भी इच्छा न हो लेकिन वो तब तक अपने सिर से उसका हाथ नहीं हटने देता जब तक वो उसे आशीर्वाद नहीं दे देता, कई बार तो हार कर आम आदमी को ये कहना पड़ता है कि भैया अब तो हाथ हटा लेने दो, हम आप ही को वोट देंगे सर पर रखे रखे हाथ दर्द करने लगा है रात में जब तक आयोडेक्स नहीं मलेंगे तब तक दर्द कम नहीं होगा। कई नेता आम आदमी के चरण धोकर उस पानी को अपने आंखों और माथे पर लगाए पड़ा है कोई किसी बुढ़िया को ÷मां÷ कहकर तो कोई किसी को ÷पापा जी÷ किसी को दादाजी कहकर अपने रिश्ते बनाने में जुटा है लड़कियों को ÷बहन जी÷ उनके पतियों को ÷जीजा जी÷ भाई साहब उनकी पत्नियों को ÷भाभी जी÷ तमाम तरह के रिश्ते नाते जोड़ रहा है और क्यों न जोड़ें, मसला नगरीय निकाय और पंचायत चुनावों का जो है, उसे भी मालूम है कि सत्ता की मलाई कितनी स्वादिष्ट होती है और इस मोटी मलाई को पाने के लिए वह तमाम तरह के जतन करने में पीछे नहीं है उसको ये भी मालूम है कि आज भले ही उसे मतदाता के चरणों में लोटना पड़ जाए लेकिन भविष्य में उसे ही हमारे चरणों पर ही गिरना पड़ेगा जब सत्ता हमारे हाथ में आ जाएगी । सत्ता वास्तव में ऐसी चीज है जिसके हाथ में आ जाए वो सिकंदर और जिसके हाथ से फिसल जाए उसको कोई पूछने वाला नहीं ,यही कारण है कि हर प्रत्याशी इस चुनाव में येन केन प्रकारेण जीत हासिल कर कर सत्ता की मिठाई खाना चाहता है और इस मिठाई के लिए उसे किसी के चरण पकड़ना पड़े तो उसे कोई गुरेज नहीं होता । हाल ये हो गया है कि नेता और प्रत्याशी सिर्फ मतदाता के पैर देख रहे हैं उसे इस बात से कोई मतलब नहीं कि सामने वाले का चेहरा कैसा है जैसे÷ लक्ष्मण÷ ने हमेशा ÷सीता जी÷ के चरणों को देखा था वैसा ही कुछ हाल इन दिनों चुनाव में खड़े हुए प्रत्याशी निभा रहे हैं,आम मतदाता हो गया है ÷सीता÷ और प्रत्याशी बन गए हैं ÷लक्ष्मण÷ सचमुच चुनाव भी कैसी चीज है जो इंसान को कुछ भी करने के लिए मजबूर कर देती है । आम मतदाता भी इस बात से खुश है कि चलो पांच साल में ही सही कभी तो इज्जत मिली वरना आम आदमी तो पिसने के लिए ही पैदा हुआ है और वह पिसता ही रहेगा इसमें कोई दो मत हो ही नहीं सकते।

### मोहब्बत हो तो ऐसी

कहते हैं इश्क अंधा होता है और यदि किसी को इश्क हो गया तो फिर उसे दुनिया में अपने प्रेमी या प्रेमिका के अलावा कुछ नहीं दिखाई देता ,अब देखो ना रीवा की एक युवती को पाकिस्तान के युवक से मोहब्बत हो गई उससे मिलने वो इतनी बेताब हो गई कि उसने पाकिस्तान जाने का पासपोर्ट भी बनवा लिया और तीस दिन के लिए भी ÷वीसा÷ भी ले लिया लेकिन कहते हैं ना कि मोहब्बत करने वालों के दुश्मनों की कमी नहीं है इस जालिम दुनिया में , बॉर्डर पर कस्टम वालों ने उसे पकड़ लिया क्योंकि उसके पास कस्टम क्लीयरेंस नहीं था और उसे पाकिस्तान जाने से रोक दिया बाद में पुलिस उसे वापस उसके घर छोड़ आई, अब आप ही बताओ वह बेचारी पाकिस्तान कोई जासूसी करने तो जा नहीं रही थी वो तो अपने आशिक से हर जन्म में मिलने का वादा करने के लिए ही जा रही थी लेकिन मोहब्बत के दुश्मनों से ये सहन नहीं हुआ, अरे भाई चले जाने देते उस बेचारी को ,अपने आशिक से मिलती दोनों जीने मरने की कसमें एक साथ खाते और फिर तीस दिन के भीतर वापस आ जाती। कितने जतन किए उस इश्क की मारी ने, पासपोर्ट बनवा लिया उसके बाद भी उसकी मोहब्बत की कहानी अधूरी की अधूरी रह गई अपनी तो उस युवती को इतनी ही सलाह है कि मिलने नहीं दे रहे रहे हैं ये लोग लेकिन वीडियो कॉल में तो मोहब्बत की सारी बातें हो सकती हैं और एक दूसरे के दर्शन भी हो सकते हैं तो इसी में अभी काम चलाओ जब कभी भारत-पाकिस्तान की दोस्ती हो जाएगी तो चली जाना और मिल लेना अपने महबूब से ।

# आपातकाल में छिन गई थी देश की स्वतंत्रता

### सूडोकु नवताल- 6115

★★★✯☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 6 | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 2 | | | | 9 | | 7 | |
| 4 | | | 1 | 6 | | | | 2 |
| | | 8 | | | 2 | | 3 | |
| 1 | | 4 | | | | 2 | | 5 |
| | 3 | | 5 | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | 5 | | | 3 |
| | 8 | | 6 | | | | 4 | |
| 6 | | 2 | | 7 | | 5 | | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6114 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

सुरेश हिंदुस्थानी



सत्ता की ताकत का दुरुपयोग कैसे किया जाता है, इसका उदाहरण कांग्रेस सरकार द्वारा 1975 में देश पर तानाशाही पूर्वक लगाया गया आपातकाल है। जिसमें अभिव्यक्ति की आजादी का अधिकार ही समाप्त कर दिया था। इसे एक प्रकार से देश की आजादी को छीनने का दुस्साहसिक प्रयास भी माना जा सकता है। क्योंकि इंदिरा शासन द्वारा देश पर थोपे गए आपातकाल में सरकार के विरोध में आवाज उठाने को पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दिया था। यहां तक कि सरकार ने विपक्ष की राजनीति करने वालों के साथ ही उन समाजसेवियों और राष्ट्रीय विचार के प्रति समर्पित उन संस्थाओं के व्यक्तियों को जेल में ठूंस दिया था, जो सरकार की कमियों के विरोध में लोकतांत्रिक तरीके से आवाज उठा रहे थे। सरकार के इस कदम को पूरी तरह से अलोकतांत्रिक कहा जाए तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। इंदिरा गांधी की सरकार ने अपनी सरकार के खिलाफ उठने वाली हर उस आवाज को दबाने का प्रयास किया, जो लोकतांत्रिक रूप से भी सही थी। वैसे देखा जाए तो कांग्रेस शासन का यही चरित्र रहा है कि उनके खिलाफ उठने वाली आवाज को किसी भी प्रकार से शांत किया जाए। आज भी कांग्रेस ठीक इसी पद्धति से काम करती हुई दिखाई दे रही है। कांग्रेस में लोकतांत्रिक सिद्धांतों की बलि दी जाती रही है। इसे कांग्रेस का स्वभाव ही माना जा सकता है कि उसने देश को मजबूत करने वाली आवाज को मुखर नहीं होने दिया। इसके विपरीत देश के विरोध में उठने वाली आवाज को बिना सोचे समझे अभिव्यक्ति की आजादी कहकर समर्थन किया। सीधे शब्दों में निरूपित किया जाए तो यही कहा जा सकता है कि कांग्रेस को अपने विरोध में कही गई कोई बात जरा भी पसंद नहीं है। इसी कारण नेशनल हेराल्ड में जब जांच की बात आती है तो कांग्रेस के नेता एकजुट होकर ऐसा प्रदर्शन करते हैं, जैसे वही सही हैं और बाकी सभी गलत। कांग्रेस पार्टी ने एक नहीं कई बार अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर राष्ट्र विरोधी ताकतों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से समर्थन देने काम किया है, लेकिन जो कांग्रेस गाहे बगाहे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की वकालत करती रही है, उसने ही 25 और 26 जून 1975 की रात को आपातकाल लगाने के बाद अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का पूरी तरह गला घोंट दिया था। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर किस प्रकार कुठाराघात किया जाता है, इस तथ्य को जानने के लिए कांग्रेस के नेताओं को आपातकाल के काले अध्याय का अध्ययन करना चाहिए। आपातकाल के नाम पर कांग्रेस ने अंग्रेजों से भी भयंकर यातनाएं देते हुए देश भक्तों पर कहर बरपाया। जिसके स्मरण मात्र से दिल में सिरहन दौड़ जाती है। जिन लोगों ने इस काली रात का साक्षात्कार किया, उनके अनुभव सुनने मात्र से ही लगता है कि इन्होंने आपातकाल को किस कदर भोगा होगा।

आपातकाल लगाने के पीछे के कारणों पर दृष्टिपात किया जाए तो यही तथ्य सामने आते हैं कि उस समय की प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी पूरी तरह से तानाशाह शासक की भूमिका में दिखाई दीं। उन्होंने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश को ठेंगा बताते हुए अपना प्रभुत्व स्थापित करने का प्रयास किया, यह प्रकार से सत्ता का दुरुपयोग ही था। वह निर्णय क्या था? इसकी जड़ में 1971 में हुए लोकसभा चुनाव था, जिसमें उन्होंने अपने मुख्य प्रतिद्वंद्वी राजनारायण को पराजित किया था, लेकिन चुनाव परिणाम आने के चार साल बाद राज नारायण ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय में चुनाव परिणाम को चुनौती दी। 12 जून 1975 को इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश जगमोहन लाल सिन्हा ने इंदिरा गांधी का चुनाव निरस्त कर उन पर छह साल तक चुनाव न लड़ने का प्रतिबंध लगा दिया और उनके मुकाबले हारे और श्रीमती गांधी के चिर प्रतिद्वंद्वी राजनारायण सिंह को चुनाव में विजयी घोषित कर दिया था। राजनारायण सिंह की दलील थी कि इंदिरा गांधी ने चुनाव में सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग किया।

## शिक्षा में संस्कृत अनिवार्य करें

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

गुजरात के शिक्षामंत्री से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कुछ प्रमुख कार्यकर्ताओं ने अनुरोध किया है कि वे अपने प्रदेश में संस्कृत की अनिवार्य पढ़ाई शुरु करवाएं। यह मांग सिर्फ संघ के स्वयंसेवक ही क्यों कर रहे हैं और सिर्फ गुजरात के लिए ही क्यों कर रहे हैं? भारत के हर तर्कशील नागरिक को सारे भारत के लिए यह मांग करनी चाहिए, क्योंकि दुनिया में संस्कृत जैसी वैज्ञानिक, व्याकरणसम्मत और समृद्ध भाषा कोई और नहीं है। यह दुनिया की सबसे प्राचीन भाषा तो है ही, शब्द भंडार इतना बड़ा है कि उसके मुकाबले दुनिया की समस्त भाषाओं का संपूर्ण शब्द-भंडार भी छोटा है। अमेरिकी संस्था 'नासा' के एक अनुमान के अनुसार संस्कृत चाहे तो 102 अरब से भी ज्यादा शब्दों का शब्दकोश जारी कर सकती है, क्योंकि उसकी धातुओं, लकार, कृदंत और पर्यायवाची शब्दों से लाखों नए शब्दों का निर्माण हो सकता है। संस्कृत की बड़ी खूबी यह भी है कि उसकी लिपि अत्यंत वैज्ञानिक और गणित के सूत्रों की तरह है। जैसा बोलना, वैसा लिखना और जैसा लिखना, वैसा बोलना। अंग्रेजी और फ्रेंच की तरह संस्कृत हवा में लट्ठ नहीं घुमाती है।

'नासा' ने अपने वैज्ञानिक अनुसंधानों और कंप्यूटर के लिए संस्कृत को सर्वश्रेष्ठ भाषा बताया है। संस्कृत सचमुच में विश्व भाषा है। इसने दर्जनों एशियाई और यूरोपीय भाषाओं को समृद्ध किया है। संस्कृत को किसी धर्म-विशेष से जोड़ना भी गलत है। संस्कृत जब प्रचलित हुई, तब पृथ्वी पर न तो हिंदू, न ईसाई और न ही इस्लाम धर्म का उदय हुआ था। संस्कृत भाषा किसी जाति-विशेष की जागीर नहीं है। क्या उपनिषदों का गाड़ीवान रैक्व ब्राह्मण था? संस्कृत को पढ़ने का अधिकार हर मनुष्य को है। औरंगजेब के भाई दाराशिकोह क्या हिंदू और ब्राह्मण थे? उन्होंने 50 उपनिषदों का संस्कृत से फारसी में अनुवाद 'सिर्रे अकबर' के नाम से किया था। अब्दुल रहीम खानखाना ने 'खटकौतुकम' नामक ग्रंथ संस्कृत में लिखा था। तेहरान विश्वविद्यालय में मेरे एक साथी प्रोफेसर कुरान-शरीफ का अनुवाद संस्कृत में करने लगे थे। कुछ ईसाई विद्वानों ने संस्कृत 'खीस्त गीता' और 'खीस्त भागवत' भी लिखी है। कुछ अंग्रेज विद्वानों ने अब से लगभग पौने 200 साल पहले बाइबिल का संस्कृत अनुवाद 'नूतनधर्म्मनियमस्य ग्रंथसंग्रहः' के नाम से प्रकाशित कर दिया था। लगभग 40 साल पहले पाकिस्तान में मुझे एक पुणे के मुसलमान विद्वान मिले। मैं उनके घर गया। वे मुझसे लगातार संस्कृत में ही बात करते रहे।

# प्रथम चरण की मतगणना की तैयारियां पूर्णः कलेक्टर





### - सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध रहेंगेः पुलिस अधीक्षक

**मुरैना।** त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन 2022 के तहत 25 जून को हुए मतदान की मतगणना 28 जून को अम्बाह, पोरसा मुख्यालय पर की जायेगी। जिसमें पोरसा की मतगणना शिवम् कॉलेज पोरसा एवं अम्बाह की मतगणना पीजी कॉलेज अम्बाह में दो चरणों में होगी। इसके लिये विकासखण्ड वार 25-25 टेबलें लगाई जायेंगी। प्रथम चरण की मतगणना की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। यह बात कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बी.कार्तिकेयन ने कही। उन्होंने बताया कि जनपद सदस्य पद के हिसाब से मतगणना के लिये 25-25 टेबलें लगाई जायेंगी। जिसमें राउण्ड वार मतदान केन्द्रों से गणना होगी। इसके लिये मतदान कर्मियों को मतगणना हेतु प्रातः 6 बजे उपस्थित रहना होगा। मतगणना वही पॉलिंग पार्टियां करायेगी, जिसने मतदान कराया था। मतगणना में पीठासीन अधिकारी, पी-1, पी-2 समय पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें। द्वितीय पाली दोपहर 2 बजे से प्रारंभ होगी। द्वितीय पाली के लिये अगली टीम दोपहर मतगणना केन्द्रों पर उपस्थित रहेगी। पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी ने कहा कि अम्बाह, पोरसा मुख्यालय पर मतगणना के लिये पुख्ता सुरक्षा प्रबंध किये गये है। मतगणना के दौरान गणना एजेन्ट की सर्चिंग की जायेगी, तभी उसे प्रवेश मिलेगा। उन्होंने बताया कि मतगणना के अंदर किसी भी प्रकार का मोबाइल, डिवाईस, माचिस या अन्य कोई ऐसी सामग्री अंदर नहीं ले जा सकेंगे, जिससे मतगणना में बाधा उत्पन्न हो सके।

## त्रि-स्तरीय पंचायत एवं नगरीय निर्वाचन में थर्मल गन का प्रयोग कर मतदाताओं की जांच करें

**मुरैना।** त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन एवं नगरीय निकाय आम निर्वाचन के लिये निर्धारित समस्त मतदान केन्द्र जिन पर मतदान किया जायेगा। समस्त चरणों में त्रि-स्तरीय पंचायत एवं नगरीय निर्वाचन मतदान के दिन कोविड-19 के संक्रमण से बचाव हेतु थर्मल गन का प्रयोग कर मतदाताओं की जांच कराना सुनिश्चित करें।

## नगरीय निकाय निर्वाचन में नहीं है स्टार प्रचारक का प्रावधान

**मुरैना।** सचिव राज्य निर्वाचन आयोग राकेश सिंह ने जानकारी दी है कि कि वर्तमान में नगरीय निकाय निर्वाचन में राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा स्टार प्रचारक के संबंध में कोई प्रावधान नहीं किए गए है। निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थी के निर्वाचन क्षेत्र में होने वाले व्यय को निर्वाचन व्यय में शामिल किया जाएगा। श्री सिंह ने बताया है कि महापौर के अभ्यर्थी के प्रकरण में सम्पूर्ण नगरीय निकाय क्षेत्र की सीमा तथा पार्षद के अभ्यर्थी के प्रकरण में उसके वार्ड की सीमा निर्वाचन क्षेत्र के रूप में चिन्हित है। एक ही मंच से एक से अधिक प्रत्याशियों की सभा होने की स्थिति में महापौर तथा पार्षद के प्रकरण में व्यय का विभाजन व्यय की अधिकतम सीमा के अनुपात में किया जाएगा।

## निगम के महापौर पद के लिये 15, पार्षद के लिये 3.75 लाख रूपये व्यय सीमा रहेगी

**मुरैना।** नगरीय निकाय निर्वाचन 2022 के अन्तर्गत इस बार मुरैना नगर निगम के महापौर प्रत्याशी के लिये व्यय सीमा 15 लाख रूपये निर्धारित की गई है। जबकि नगर निगम के पार्षदों को 3 लाख 75 हजार व्यय सीमा निर्धारित की है। नगर पालिका पोरसा, अम्बाह, सबलगढ़ के पार्षदों को एक-एक लाख रूपये, नगर परिषद झुण्ड़पुरा, कैलारस, जौरा और बानमौर के पार्षदों को 75-75 हजार रूपये की चुनाव खर्च में व्यय सीमा निर्धारित की गई है।

## वर्षा ऋतु को ध्यान में रखकर हर मतदान केन्द्र पर पुख्ता व्यवस्था करेंः श्री सक्सेना

**मुरैना।** वर्षा ऋतु को ध्यान में रखकर हर मतदान केन्द्र पर व्यवस्थायें सुनिश्चित की जाएँ। मतदान केन्द्रों में पानी न टपके, इसके लिए उपयंत्रियों की जवाबदेही तय करें। साथ ही मतदाताओं एवं मतदान दलों के लिए हर मतदान केन्द्र पर पेयजल व बिजली इत्यादि मूलभूत सुविधाओं की पुख्ता व्यवस्था हो।

# दस्तक अभियान 18 जुलाई से 11 अगस्त तक

**मुरैना।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राकेश शर्मा ने बताया है कि राज्य शासन के निर्देशानुसार दस्तक अभियान का आयोजन 18 जुलाई से 31 अगस्त 2022 तक किया जायेगा। अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग और महिला बाल विकास विभाग के संयुक्त दल एएनएम, आशा एवं आंगनवाडी कार्यकर्ता द्वारा 5 वर्ष उम्र तक के बच्चों में प्राय पायी जाने वाली बाल्य कालीन बीमारियों का सामुदायिक स्तर पर सक्रिय पहचान में तुरन्त प्रबंधन करना है। जिससे बाल मृत्यु दर में वांचित कमी लायी जा सके।

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. अजय गोयल ने बताया कि दस्तक अभियान में प्रमुख गतिविधियां समुदाय में बीमार नवजात बच्चों की पहचान प्रबंधन एवं रेफरल 5 वर्ष तक के बच्चों का शैशव एवं बाल्काल्य निमोनिया की तुरंन्त पहचान प्रबंधन एवं रेफरल गंम्भीर कुपोषित बच्चों की सक्रिय पहचान एवं गंभीर एनेमिया की सक्रिय स्क्रीनिंग एवं प्रबंधन 5 वर्ष के बच्चों में दस्त रोग नियंत्रण हेतु ओ.आर.एस एवं जिंक के उपयोग संबंधी सामुदायिक जागरूक में बढ़ावा एवं प्रत्येक ग्रह भेट के दौरान ओ.आर.एस पहँचाना। बच्चों में दिखाई देनी वाली जन्मजात वि.तियां एवं वृद्धि विकास की पहचान समुचित शिशु एवं बाल आहार पूर्ति संबंधी समझाईश सामुदाय को देना, अभियान का मुख्य उददेश्य बाल कालीन दस्त रोग में जिंक और ओ.आर.एस के उपयोग का बढ़ावा देना दस्त रोग की रोकथाम एवं जागरूकता गतिविधियों का आयोजन करना। इसमें आशा आंगनवाडी कार्यकर्ता और एएनएम के माध्यम से घर-घर पर दस्तक देकर दस्त रोग का नियंत्रण ओ.आर.एस व जिंक गोलियों का उपयोग गंभीर कुपोषित बच्चों की पहचान और जन्मोपरांत शिशु द्वारा 1 घंण्टे के भीतर स्तनपान कराना आदि के बारे में विस्तार से समझाया जायेगा।

## छात्रवृत्ति के आवेदनों को सत्यापित नहीं करने के आरोप में 9 प्राचार्यों को नोटिस जारी

**मुरैना।** वर्ष 2021-22 में एमपी टास पोर्टल के अनुसार विभिन्न महाविद्यालयों और आईटीआई के 9 प्राचार्यों द्वारा अनुसूचित जाति, जनजाति के छात्र-छात्राओं को नवीन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना में कॉलेजों को भेजे गये। छात्रवृत्ति आवेदन पत्रों को सत्यापित नहीं करने के आरोप में चंबल संभाग के कमिश्नर आशीष सक्सेना ने 9 प्राचार्यो को कारण बताओ नोटिस जारी किये है। जिन प्राचार्यो को नोटिस जारी किये है, उनमें शासकीय आईटीआई मुरैना के प्राचार्य जीएस सोलंकी, शासकीय आईटीआई कॉलेज सबलगढ़ की प्राचार्य श्रीमती मालती पवैया, शासकीय महाविद्यालय जौरा की प्राचार्य श्रीमती वसुंधरा गोयल, सबलगढ़ के प्राचार्य जयप्रकाश मित्तल, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पोरसा के प्राचार्य फूल सिंह डंडोतिया, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मुरैना के प्राचार्य सीएल गुप्ता, शासकीय कन्या अग्रणी महाविद्यालय मुरैना की प्राचार्य श्रीमती कमलेश श्रीवास्तव, शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज मुरैना के प्राचार्य सुरेश कुमार डागोर और शासकीय जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) के प्राचार्य स्वदेश सक्सेना है। इन सभी को छात्रवृत्ति आवेदन सत्यापन हेतु नोडल अधिकारी भी बनाया गया था। चंबल संभाग के कमिश्नर आशीष सक्सेना ने आदेशों में कहा है कि नोडल संस्था के अन्तर्गत आने वाली संस्थाओं के आवेदन सत्यापित नहीं करने के कारण अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग के विद्यार्थी शासन की महत्वपूर्ण योजना के लाभ से वंचित रहे है। यह कृत्य पदीय कर्तव्यों के निर्वहन में प्राचार्यो एवं नोडल अधिकारियों की लापरवाही तथा उदासीनता को परिलक्षित करता है, जो एक लोक सेवक के पद के अपेक्षित आचरण के विपरीत होकर मध्यप्रदेश सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के नियत 3(1) (2) व (3) का स्पष्ट उल्लंघन है। कमिश्नर ने कारण बताओ सूचना पत्र प्राप्ति के 15 दिवस के अंदर कारण स्पष्ट करने के निर्देश दिये है। आगे लिखा है कि प्राचार्य एवं नोडल अधिकारियों की ओर से नियत अवधि में उत्तर प्राप्त न होने की दशा में यह माना जायेगा कि प्राचार्यो को इस संबंध में कुछ नहीं कहना है, इनके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही कर प्रकरण में विधिवत आदेश पारित कर दिया जायेगा।

## सबलगढ़ नगर पालिका के पार्षदों को इन तिथियों में व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत करना होगा

**मुरैना।** नगरीय निर्वाचन 2022 में चुनाव आयोग ने पार्षद पद हेतु व्यय की सीमा निर्धारित की है। जिसमें नगर पालिका सबलगढ़ के लिये चुनाव लड़ रहे पार्षद प्रत्याशी प्रथम निरीक्षण 29 जून को, द्वितीय निरीक्षण 5 जुलाई एवं तृतीय निरीक्षण 10 जुलाई को प्रातः 11 से 5 बजे तक अनुविभागीय अधिकारी सबलगढ़ के कक्ष क्रमांक 5 में उपस्थित होकर व्यय लेखा-जोखा की जानकारी प्रस्तुत करानी होगी।

## द्वितीय चरण का मतदान 1 जुलाई को : मतदान दल 30 जून को होंगे रवाना

### मुरैना की मतदान सामग्री पॉलीटेक्निक कॉलेज से एवं जौरा की सामग्री शासकीय महाविद्यालय जौरा से होगी वितरित

**मुरैना।** राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार द्वितीय चरण के मतदान के लिये मुरैना, जौरा विकासखण्ड की 176 पंचायतों के लिये मतदान 1 जुलाई को होगा। मतदान के लिये मतदान कर्मी 30 जून को सामग्री लेकर रवाना होंगे। जानकारी के अनुसार मुरैना जनपद पंचायत की 106 पंचायतों के लिये 389 मतदान केन्द्र बनाये गये है, इन मतदान केन्द्रों के लिये मतदान दल 30 जून को पॉलीटेक्निक कॉलेज से सामग्री प्राप्त कर मतदान केन्द्रों के लिये रवाना होंगे। जौरा विकासखण्ड के 70 पंचायतों के लिये 316 मतदान केन्द्र बनाये गये है, इन मतदान केन्द्रों के लिये मतदान कर्मी 30 जून को शासकीय महाविद्यालय जौरा से सामग्री प्राप्त कर रवाना होंगे। मतदान दलों के लिये रूट एवं वाहन व्यवस्था आंकलन कर लिया गया है। मतदान दलों को स्वास्थ्य किट एवं पूरी सुरक्षा के साथ मतदान केन्द्रों के लिये रवाना किया जायेगा।

# परिवार नियोजन के अपनायें उपाय, लिखो तरक्की का नया अध्याय - सीएमएचओ

### जनसंख्या स्थिरता माह का आयोजन 11 जुलाई से 11 अगस्त तक

**मुरैना।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राकेश शर्मा ने कहा है कि जनसंख्या स्थिरता माह का आयोजन 11 जुलाई से 11 अगस्त 2022 तक किया जायेगा। डॉ. शर्मा ने कहा कि परिवार नियोजन का अपनाओं उपाय, लिखो तरक्की का नया अध्याय। उन्होंने बताया कि परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत विश्व जनसंख्या दिवस 11 जुलाई एवं जनसंख्या स्थिरता माह 15 जुलाई से 11 अगस्त 2022 तक जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर मनाया जायेगा। समस्त स्वास्थ्य संस्थाओं पर उचित स्थान पर बेनर पोस्टर प्रदर्शित किये जायेगे। इस दौरान लक्ष्य दम्पति से संपर्क कर उनकी आवश्यकता के अनुसार स्थाई, अस्थाई साधनों के बारे में समझाईश दी जायेगी और हितग्राही जो साधन चुने, उनका पंजीयन किया जायेगा। साथ ही परिवार नियोजन के स्थाई, अस्थाई गर्भ निरोधक साधनों का प्रचार-प्रसार किया जायेगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शर्मा ने बताया कि सभी इच्छुक दम्पति महिला, पुरुष को नसबन्दी की सेवाये जिला एवं विकासखण्ड स्तरों में उपलब्ध कराई जायेगी। साथ ही सभी स्वास्थ्य सेवाओं में अस्थाई साधनों की उपलब्धता जैसे ओरल पील्स निरोध, छाया, आयूसीडी, पीपी, आईयू, सीडी, इंजेक्शन अन्तरा की उपलब्धता सुनिश्चित की जायेगी। उन्होंने बताया कि महिला नसबन्दी प्रसव के तुरंत बाद अथवा 7 दिवस के अन्दर ऑपरेशन कराने पर 3 हजार रूपये एवं प्रेरक को 400 रुपये, महिला नसबन्दी (एलटीटी) ऑपरेशन कराने पर महिला को 2 हजार रूपये और प्रेरक को 300 रूपये प्रोत्साहन राशि दी जाती है। इसी प्रकार पुरूष नसबंन्दी एनएनव्ही ऑपरेशन कराने पर पुरुषों को 3 हजार रूपये एवं प्रेरक को 400 रूपये की प्रोत्साहन राशि दी जाती है। पीपीआईयूसीडी, पीएआईयूसीडी के हितग्राही को 300 रूपये एवं प्रेरक आशा को 150 रुपये दिए जाते हैं। अन्तरा इन्जेक्शन (एमपीए) की सेवा लेने पर हितग्राही प्रति इन्जेक्शन 100 रूपये एवं आशा को 100 रुपये की राशि प्रदान की जाती है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राकेश शर्मा ने जिले के पात्र हितग्राहियों से अपील की है कि जनसंख्या स्थिरता माह 11 जुलाई से 11 अगस्त 2022 के दौरान जिला एवं विकासखण्ड स्तर की स्वास्थ्य संस्थाओं में निर्धारित सेवा दिवस में अपनी स्वेच्छा अनुसार स्थाई, अनस्थाई साधनों का चयन कर उपयोग करें एवं परिवार नियोजन में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

## ट्रैफिक पुलिस की चुनावी कसरत




**मुरैना।** आगामी पंचायत एवं नगरीय निकाय चुनाव की वोटिंग तथा मतगणना के चलते जिले भर में ड्यूटी पर लगाए गए मतदान कर्मचारियों के लिए यातायात पुलिस द्वारा चार पहिया वाहनों की धरपकड़ कर अधिग्रहण किया जा रहा है, जिससे वाहन चालकों में खलबली मची हुई है और तमाम निजी वाहन चालकों ने पुलिस से बचने के लिए अपनी अपनी बोलोरो, स्कॉर्पियो आदि को घरों एवं गैरेज में लगा दिया है।

# मुरैना, जौरा विकासखण्ड की 176 पंचायतों के लिये 399275 मतदाता करेंगे अपने मताधिकार का उपयोग

**मुरैना।** त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन-2022 के लिये द्वितीय चरण में मुरैना, जौरा विकासखण्ड की 176 पंचायतों में मतदान 1 जुलाई 2022 को प्रातः 7 से अपरान्ह 3 बजे तक होगा। मतदान के लिये 705 मतदान केन्द्र बनाये गये है। जिनमें 3 लाख 99 हजार 275 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। जिसमें 2 लाख 19 हजार 334 पुरूष, 1 लाख 79 हजार 928 महिला एवं 13 अन्य मतदाता है। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुरैना विकासखण्ड के अन्तर्गत 106 पंचायतों के लिये 389 मतदान केन्द्र बनाये गये है, जिनमें 2 लाख 24 हजार 139 मतदाता मताधिकार का उपयोग करेंगे। जिसमें 1 लाख 24 हजार 313 पुरूष, 99 हजार 820 महिला और 6 अन्य मतदाता शामिल है। इसी प्रकार जौरा विकासखण्ड के अन्तर्गत 70 पंचायतों के लिये 316 मतदान केन्द्र बनाये गये है, जिन पर 1 लाख 75 हजार 136 मतदाता करेंगे अपने मताधिकार का उपयोग। जिसमें 95 हजार 21 पुरूष, 80 हजार 108 महिला एवं 7 अन्य मतदाता शामिल है।

## कक्षा 10वीं की विज्ञान विषय की पूरक परीक्षा 2 जुलाई को

**मुरैना।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित वर्ष 2022 की हाईस्कूल पूरक परीक्षा के विज्ञान विषय की परीक्षा अब 2 जुलाई को होगी। पूर्व में यह 1 जुलाई को निर्धारित थी। परीक्षा कार्यक्रम में राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायतों के आम निर्वाचन वर्ष 2022 की समय सारणी को दृष्टिगत रखते हुए संशोधन किया गया है। शेष विषय की परीक्षाएँ निर्धारित कार्यक्रम अनुसार ही ली जायेगी।

# ब्रह्माकुमारी केन्द्र ने रैली निकालकर दिया नशामुक्ति का संदेश




**मुरैना।** अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस के उपलक्ष में एवं 75आजादी के अमृत महोत्सव के तहत प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय केंद्र मुरैना द्वारा एक विशाल रैली का आयोजन किया गया। रैली को केंद्र प्रभारी बीके रेखा बहन एवं पूर्व सीएमएचओ डॉ आरसी बांदिल द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह रैली केंद्र से निकलकर एमएस रोड होते हुए पुरानी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में रास्ते नैनागढ़ रोड पर पहुंची और वहां से होते हुए वापस केंद्र पर संपन्न हुई। रैली के माध्यम से आम जनता को नारों व बैनर के द्वारा अपील की गई कि किसी भी प्रकार का नशा हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत ही हानिकारक है। अतः सभी लोगों से अपील की जाती है शराब, सिगरेट, तंबाकू, चरस, गांजा इत्यादि नशों का उपयोग ना करें और अपने जीवन को सफल बनाएं। रैली का सफल संचालन बीके रितिका बहन के नेतृत्व में किया गया। रैली आरम्भ होने से पूर्व केंद्र के सभागार में केंद्र प्रभारी राजयोगिनी बीके रेखा बहन एवं पूर्व चिकित्सा अधिकारी द्वारा सभी भाई बहनों को शपथ दिलाई गई कि वह स्वयं व अपने रिश्तेदारों सहित आम जनमानस से दूर रहेंगें।

## रोजगार सहायक के रिश्तेदार पंचायत चुनाव में, 4 पंचायत सचिव किये अटैच

**मुरैना।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोशन कुमार सिंह ने 4 पंचायतों सचिवों को तत्काल प्रभाव से एसडीएम कार्यालय मुरैना में अटैच करने के आदेश जारी किये है। आदेश में कहा गया है कि त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन-2022 के अन्तर्गत जनपद पंचायत मुरैना के सचिव एवं रोजगार सहायक के रिश्तेदार पंचायत निर्वाचन में अभ्यर्थी है, तो इस कारण ग्राम पंचायत मुंगावली के सचिव राजेन्द्र सिंह गुर्जर, ग्राम पंचायत मदनबसई के रोजगार सहायक भूरा सिंह, ग्राम पिपरसेवा के सचिव बैजनाथ सिंह और ग्राम पंचायत बानमौरखुर्द के रोजगार सहायक अशोक सिंह को तत्काल प्रभाव से एसडीएम कार्यालय मुरैना में अटैच कर दिया गया है।

# एमएसएमई का देश की जीडीपी के विकास में महत्वपूर्ण योगदान है : सीए समकित भण्डारी





## अंतर्राष्ट्रीय एमएसएमई दिवस पर परिचर्चा आयोजित

**ग्वालियर 27 जून।** अंतर्राष्ट्रीय एमएसएमई दिवस के अवसर पर म.प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री (एमपीसीसीआई) एवं इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इण्डिया (आईसीएआई) ग्वालियर ब्रांच के संयुक्त तत्वावधान में एमएसएमई योजनाओं की जानकारी पर एक परिचर्चा का आयोजन आज सायं 4.00 बजे चेम्बर भवन में किया गया। इस अवसर पर एमपीसीसीआई के अध्यक्ष-विजय गोयल, उपाध्यक्ष-पारस जैन, आईसीएआई के चेयरमेन-सीए समर्थ डोनेरिया, सचिव-सीए निधि अग्रवाल, उपाध्यक्ष-सचिन गुप्ता कोषाध्यक्ष-सीए पंकज शर्मा एवं एक्सपर्ट सीए-समकित भण्डारी मंचासीन थे।






परिचर्चा का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया गया। साथ ही, आईसीएआई-मोटो सांग का गायन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों का बुके देकर स्वागत किया गया।

विशेष कारणों से कार्यक्रम में विलंब से पहुंचे एमपीसीसीआई अध्यक्ष-विजय गोयल की अनुपस्थिति में उपाध्यक्ष-पारस जैन द्वारा स्वागत उद्बोधन देते हुए कहा कि 116 वर्ष पुरानी इस संस्था द्वारा कारोबारियों एवं शासन के मध्य सेतु का कार्य किया जाता है। आज आयोजित कार्यक्रम से हम एमएसएमई की योजनाओं से निश्?चित ही फलीभूत होंगे। इस अवसर पर पधारे सभी अतिथियों एवं माननीय सदस्यगणों का मैं हार्दिक अभिनंदन करता हूं।

अंतर्राष्ट्रीय एमएसएमई दिवस की अवधारणा पर आईसीएआई के चैयरमेन सीए समर्थ डोनेरिया द्वारा प्रकाश डालते हुए कहा कि जीडीपी के योगदान में एमएसएमई के योगदान को दृष्टिगत रखते हुए यूएन द्वारा 27 जून को अंतर्राष्ट्रीय एमएसएमई दिवस घोषित किया गया था। वर्ष 2017 में प्रथम बार इसका आयोजन किया गया और आज हम पांचवां दिवस मना रहे हैं। आपने कहा कि देश के विकास में 60 से 70 प्रतिशत ग्रोथ एमएसएमई सेक्टर से आती है। भारत सरकार द्वारा वर्ष 2030 तक एमएसएमई सेक्टर के बेहतर विकास के लिए अभूतपूर्व पहल की है।

एमएसएमई योजनाओं की जानकारी से अवगत कराने के लिए विशेषज्ञ के रूप में इंदौर से पधारे सीए-समकित भण्डारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि आजादी के प्रारंभ से अब तक हमारे देश में कृषि के विकास पर ही ध्यान दिया गया था परंतु अब हमारी सरकार द्वारा एमएसएमई पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है और ये दोनों ही हमारी अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण हैं। एमएसएमई का देश की जीडीपी के विकास में महत्वपूर्ण योगदान है। सरकारी द्वारा एमएसएमई के विकास के लिए इण्डस्ट्रियल कॉरीडोर बनाये गये हैं। दिल्ली से कोच्चि तक यह कॉरीडोर हैं और म.प्र. के 8 जिलों से होकर यह कॉरीडोर गुजरता है, जिसमें ग्वालियर जिला भी शामिल है। एमएसएमई सेक्टर को तवज्जो नहीं देने से ही हमारे पड़ौसी देश-श्रीलंका, पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था बिगड़ गई और वहां पर महंगाई चरम पर है। हमारे देश में एक करोड़ से लेकर 50 करोड़ तक छोटे उद्योग हैं, जो कि हमारे देश की ग्रोथ को दर्शाते हैं। कोरोना काल में भी हम इसकी वजह से ही सर्वाइव कर पाये हैं। आपने कहा कि एमएसएमई योजनाओं का लाभ लेने के लिए उद्यम रजिस्ट्रेशन कराना जरूरी है। आपने कहा कि इसके अंतर्गत यहां उपस्थित ट्रेडर्स, सर्विस प्रदाता, उद्यमी सभी इस दायरे में आते हैं। सभी अपना उद्यम रजिस्ट्रेशन करायें ताकि शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त कर, अपने उद्यम के विकास के साथ ही, देश के विकास में योगदान दे सकें। आपने कहा कि 10 करोड़ तक के उद्यम, सूक्ष्म उद्यम में, 10 से 50 करोड़ तक मध्यम उद्यम में तथा 50 करोड़ से ऊपर लार्ज सेक्टर में आते हैं। आपने कहा कि एमएसएमई के तहत उद्यम रजिस्ट्रेशन कराने पर सबसे बड़ा फायदा यह है कि यदि आप कोई उत्पाद बनाते हैं और उसे कहीं विक्रय करते हैं और आपका भुगतान क्रेता द्वारा नहीं किया जाता है तो इस योजना के तहत 45 दिन में उसे भुगतान करना अनिवार्य है और यदि वह भुगतान नहीं करता है तो 18त्न ब्याज के साथ आपको यह भुगतान प्राप्त करने की पात्रता होगी और सरकार इसमें आपका सहयोग करेगी। इसकी पात्रता के लिए आपके पास उद्यम रजिस्ट्रेशन, वर्कऑर्डर, इनवॉइस व पैन होना चाहिए। उद्यम रजिस्ट्रेशन होने पर सरकार द्वारा 25 प्रतिशत खरीदारी एमएसएमई से ही की जाती है। आपने कहा कि ज्ञान ही उद्यमियों का हथियार होना चाहिए। आप शासन की योजनाओं को जितना जानेंगे उतना ही उनसे लाभ प्राप्त कर पायेंगे। आपने कहा कि यदि पांच उद्यमी मिलकर भी क्लस्टर डवलपमेंट के लिए आवेदन करते हैं, तो सरकार द्वारा उसे भी स्वीकृति प्रदान की जाती है। आपने एमएसएमई योजनाओं की जानकारी देते हुए जेरो इफेक्ट-जीरो डिफेक्ट, क्लस्टर्स डवलपमेंट, वेयर हाउस पॉलिसी, ग्लोबल ट्रेडर्स, आईएसओ, प्रधानमंत्री स्वरोजगार योजना आदि पर विस्तार से प्रकाश डाला। सवाल-जबाव सत्र में परिचर्चा में उपस्थित उद्यमियों द्वारा अपने जिज्ञासाओं संबंधी प्रश्न किये गये। जिनका समाधान सीए समकित भण्डारी द्वारा किया गया।

कार्यक्रम का संचालन-मानसेवी सचिव डॉ. प्रवीण अग्रवाल द्वारा तथा आभार प्रदर्शन आईसीएआई की सचिव-सीए निधि अग्रवाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में आईसीएआई के चेयरमेन-समर्थ डोनेरिया द्वारा सीए समकित भण्डारी तथा सचिव सीए निधि अग्रवाल द्वारा अध्यक्ष-विजय गोयल को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। परिचर्चा में सर्वश्री अशोक विजयवर्गीय, दीपक वाजपेयी, उमेश उप्पल, लेखराज रावल, आशीष जैन, विजय जाजू, रमाकांत गुप्ता, केदारनाथ गुप्ता, दीप सिंह, दीपक जसेजा, रिषि गोयल, संजय अग्रवाल, संजय धवन, माधव अग्रवाल, नीतू अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, शुभम गोयल, मनोज सिंघल, दिनेश जैन, कमल नागपाल, निहित जैन, कपिल नागपाल, नवीन तनेजा, रीनू सिंह आदि सहित काफी संख्या में उद्यमी एवं चार्टर्ड एकाउंटेंटस उपस्थित रहे।

## एक 315 बोर देशी कट्टा , 02 जिंदा राउंड सहित 01 आरोपी गोहद चौराहा पुलिस कि गिरफ्त में

**मोनू बाथम पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड पुलिस द्वारा निष्पक्ष चुनाव कराने की प्रक्रिया के दौरान पुलिस अधीक्षक महोदय भिण्ड श्री शैलेन्द्र सिंह चौहान ,श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कमलेश खरपूसे , तथा एसडीओपी गोहद श्री आर के एस राठौर के निर्देशन मे थाना गोहद चौराहा पुलिस द्वारा दिनांक 26/06/2022 की रात्रि को ग्राम डांग मोड़ पर से चैकिंग के दौरान मुखबिर सूचना पर से आरोपी जसवंत पुत्र रामचरण जाटव सिह उम्र 35 साल नि. ग्राम डांग थाना गोहद चौराहा भिण्ड कब्जे से एक 315 बोर का कट्टा , 2 जिंदा राउंड के जप्त किया गया आरोपी जसवंत के विरुद्ध आर्म्स एक्ट व मारपीट के 02 अपराध पूर्व से दर्ज है ।




**सराहनीय भूमिका-** निरी. रविन्द्र शर्मा, एएसआई अब्दुल शमीम , एचसी रामनिवास ,आर. रामकुमार ,आर. तिलक , आर. मानसिंह की सराहनीय भूमिका रही

# भाजपा बताये जे.सी.मिल श्रमिकों को पट्टे क्यों नहीं दिये: डॉ. षोभा सिकरवार

## जनसम्पर्क में मिल रहा है व्यापक जन-समर्थन

**ग्वालियर।** कांग्रेस पार्टी की महापौर पद की उम्मीदवार डॉ.श्रीमती षोभा सिकरवार ने भाजपा की करनी व कथनी पर सवाल उठाते हुये पूछा है कि बताये अब तक जे.सी.मिल श्रमिकों को आवास के मालिकाना हक के पट्टे क्यों नही दिये गये। उन्होंने कहा कि भाजपा वोट पाने के लिये झूठ पर झूठ बोलती है। उन्होंने कहा कि विकास और प्रगति के नाम पर लोगों के बीच भ्रम फैलाया जाता है। कल मुख्यमंत्री जी षहर में आये मगर जे.सी.मिल श्रमिकों के बारे में एक षब्द नही बोले।



महापौर पद की उम्मीदवार डॉ.श्रीमती षोभा सिकरवार ने आज वार्ड क्रमांक 15 एवं वार्ड क्रमांक 44 में डूर टू डोर जनसम्पर्क कर आमजनों को विष्वास दिलाया कि नगर निगम के 66 वार्डो का विकास व प्रगति के कार्य करना हमारा लक्ष्य है। जगह जगह डॉ.श्रीमती षोभा सिकरवार का आरती उतारकर तिलक लगाकर पुश्पहारों से जोरदार स्वागत कर विजयश्री दिलाने का भरोसा दिया। डॉ.श्रीमती षोभा सिकरवार ने कहा कि थोडी से बारिष में सड़कों पर जगह जगह गड्ढें हो गये है और जगह जगह पानी भर गया, जो भाजपा के दावों की पोल खोल रहे है। जनसम्पर्क में उमड़ रहे जन सैलाब और आमजन मानस से मिल रहा व्यापक समर्थन कांग्रेस की जीत की ओर इषारा कर रही है। कांग्रेस पार्टी का हर कार्यकर्त्ता पूरे प्रण-प्राण से जुटा हुआ है। वार्डो में भारी जन समर्थन मिल रहा है। इसके अलावा विधायक डॉ. सतीष सिकरवार ने वार्ड क्रमांक 49 एवं वार्ड क्रमांक 50 में जनसम्पर्क करते हुये कहा कि क्षेत्र का विकास व प्रगति देंगे। आप सब का समर्थन मुझे उर्जा प्रदान कर रहा है।

## शासकीय अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय ग्वालियर में पदस्थ सहायक प्राध्यापक अजय श्रीवास्तव के खिलाफ गंभीर आरोप

**महेन्द्र शर्मा रिपोर्टर ग्वालियर संभाग**

**ग्वालियर।** शिक्षा महाविद्यालय के पत्र क्रमांक / 2021 / 207 ग्वालियर दिनांक 2 फरवरी 2021 द्वारा श्रीवास्तव जी द्वारा प्राचार्य का प्रभार स्वयं के हस्ताक्षर से ग्रहण कर लिया इस महाविद्यालय के प्राचार्य का पद संयुक्त संचालक स्तर का है जो बिना आयुक्त आरएसके भोपाल के इस पद पर प्रशासनिक कार्य नहीं किया जाता लेकिन श्रीवास्तव जी द्वारा उक्त दिनांक से कई आदेश / स्वीकृतियां निकाली गई तथा अधिकार न होते हुए छात्रवृत्ति भी स्वीकृत कर अनियमितताएं की गई । मध्यप्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग के पत्र क्रमांक 14421 / 2383 / 2019/1204 भोपाल दिनांक 3 अक्टूबर 2019 द्वारा संबंधित के विरुद्ध जांच संचालक आरएसके भोपाल द्वारा की गई थ । श्ह्रङ्क के पत्र क्रमांके / 962 / ग्वालियर दिनांक 28 मार्च 2016 की शिकायत क्रमांक / 21 / 2014 एवं लोकायुक्त मध्यप्रदेश के पत्र क्रमांक 2629 जाव भोपाल दिनांक 25 जुलाई 2016 एवं लोकायुक्त संभागीय सतर्कता समिति ग्वालियर का पत्र क्रमांक जांच प्रकरण / 80 / 250 ग्वालियर दिनांक 2 दिसंबर 2020 द्वारा तथा जांच जारी है । पूर्व में महाविद्यालय के लिए समर्पित व्याख्याता को व्यक्तिगत द्वेष के कारण विदाई समारोह नहीं होने दिया छात्रा अध्यापकों पर दबाव बनाया गया लेकिन स्वयं के सेवानिवृत्त होने पर प्रशिक्षणार्थियों पर भव्य समारोह करने के लिए अनैतिक दबाव बनाया जा रहा है तथा कॉपी जमा करने के साथ ? 250 प्रति छात्र के हिसाब से जमा भी करवाया जा रहा है शासन नियमानुसार उपहार लेना भी भ्रष्टाचार की श्रेणी में आता है छात्र अध्यापक भय के कारण कुछ बोलने में असमर्थ हैं लेकिन फिर भी यदि गोपनीय रूप से छात्रों से पूछा जाए तो वह बता देंगे कि भव्य समारोह के नाम पर छात्रों से अवैध वसूली की जा रही है । ऐसे हैं श्री अजय श्रीवास्तव सहायक प्राध्यापक शासकीय शिक्षा महाविद्यालय ग्वालियर के लिए 20 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले जो कि प्राचार्य के होते हुए भी पत्रों पर हस्ताक्षर करने के लिए उतावले रहते हैं कभी क्लास लेने की कोशिश नहीं की ।


अजय श्रीवास्तव सहायक प्राध्यापक

# स्वस्थ व्यक्ति ही स्वस्थ समाज का निर्माण करता है: डा.केशव पांडेय

**पुष्पांजली टुडे**

ग्वालियर स्वस्थ व्यक्ति ही स्वस्थ समाज का निर्माण करता है तथा स्वस्थ समाज के निर्माण मैं स्वास्थ शिविरों की महती उपयोगिता है,शिविरों के माध्यम से योग्य चिकित्सक न केवल मरीजों का परिक्षण करते हैं अपितु विभिन्न गंभीर रोगों से कैसे बचा जा सकता है इस बाबत जारूकता भी पैदा करते हैं ÷ उक्त उद्गार थे डॉक्टर केशव पांडेय के जो समजनिक संगठन राजपुताना के तत्वावधान में आयोजित निशुल्क मल्टीस्पेशलिटी हेल्थ चेकअप केम्प के शुभारम्भ अवसर पर दीनदयाल नगर के ए सेक्टर स्थित ग्रीनवुड पब्लिक स्कूल में मुख्या अतिथी की आसंदी से बोल रहे थे







शिविर में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ आशीष चौहान ( डी एम कारडियोलाजी), फिजिशियन डॉ प्रतापसिंहचौहान ( एम डी मेडिसिन)स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ ज्योत्स्ना सिंह( एम.एस .गायनेकोलाजी) ,हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर राजेंद्र सिंह ,दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. पीयूष प्रताप सिंह सिकरवार ( बी. डी एस, एम डी एस ) आदि ने मरीजों का परिक्षण किया तथा जरुरत मंद मरीजों का ईसीजी एवं ब्लड शुगर परिक्षण शिविर मैं ही किया गया द्ध शिविर मैं 258 मरीजों का परिक्षण एवं जांचें की गई शिविर को श्रीमती किरण भदौरिया ( ग्रीनवुड पब्लिक स्कूल ),?फ़ पी आई एवं अमित सिंह परिहार (एस आर पैथोलॉजी) के सहयोग से आयोजित किया गया राजपुताना की और से दीपक तोमर ,सुरेंद्र पाल सिंह कुशवाह ,मुनेंद्र सिंह भदौरिया ,अमर सिंह परिहार ,पी एस कुशवाह , रमेश सिंह तोमर ,प्रो. पी बी एस भदौरिया,अक्षेन्द्र सिंह कुशवाह ,सागर नाती ,डी एस कुशवाह,महावीर सिंह तोमर , आर एस राठौर, नन्द किशोर तोमर ,श्रीमती शालिनी राजावत ,सरोज भदौरिया ,अंजू सिसोदिया ,रजनी तोमर ,दीपक सिंह परिहार ,ऋतिक राजावत दीपक सिंह तोमर आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे ..श्री मनोज उपाध्याय ( प्राचार्य ग्रीन वुड पब्लिक स्कूल ) एवं श्री प्रदीप बिसरिया का विशेष सहयोग हेतु आभार।

## न-टू-वन

### महेंद्र मुणोत ने केंपेगौड़ा प्रतिभा का किया अनावरण



पुष्पाजंली टुडे

बेंगलुरू ~ कर्नाटका रक्षण वेदिके द्वारा नादप्रभु केंपेगौड़ा जयंती के पावन प्रसंग पर सुबाना गार्डन में केंपेगौड़ा प्रतिमा का अनावरण करते हुए मुख्य अतिथि विधायक एम कृष्णप्पा महेंद्र मुणोत सारा गोविंद कर्नाटका रक्षण वेदिके राज्य अध्यक्ष शिव रामेगौड़ा एवं अन्य सदस्य मौजूद थे।

### दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को नहीं मिल रही वर्ल्ड सिटिज़ समिट मे जाने की अनुमति

**साकिब सिद्दीकी ब्यूरो चीफ**

दिल्ली।केजरीवाल सरकार और दिल्ली के उप-राज्यपाल के बीच एक बार फिर से टकराव की स्थिति पैदा होती नजर आ रही है। दिल्ली सरकार से जुड़े सूत्रों का कहना है कि दिल्ली के नए एलजी विनय कुमार सक्सेना ने कई फाइलें रोक रखी हैं इसमें मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के प्रस्तावित सिंगापुर दौरे की अनुमति से जुड़ी फाइल भी है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को अगस्त में सिंगापुर में होने वाली वर्ल्ड सिटीज समिट में हिस्सा लेने जाना है। सूत्रों का कहना है कि सीएम की सिंगापुर विजिट की फाइल पिछले तीन हफ्तों से एलजी ऑफिस में अटकी है, इसके चलते अभी तक सीएम के इस दौरे को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। सिंगापुर के हाई कमिश्नर साइमन वॉन्ग ने 1 जून को दिल्ली सचिवालय में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मुलाकात कर उन्हें वर्ल्ड सिटीज समिट-2022 में शिरकत करने के लिए आमंत्रित किया था। इसका आयोजन 2 और 3 अगस्त 2022 को होना है। केजरीवाल ने समिट में हिस्सा लेने की मंजूरी दे दी थी, जिसके बाद उनके सिंगापुर दौरे की रूपरेखा तैयार की गई। इस समिट में सीएम अरविंद केजरीवाल अपनी सरकार के दिल्ली मॉडल को दुनिया के सामने रखने की तैयारी है।

### रिवर्स जा रहे डंपर की चपेट मे आकर विक्षिप्त युवक की दर्दनाक मौत

**भोपाल।** राजधानी के अशोका गार्डन थाना इलाके मे रिवर्स जा रहे डंपर की चपेट मे आने से एक विक्षिप्त युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद आरोपी डंपर चालक वाहन छोडकर मोके से फरार हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर उसकी तलाश शुरु कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दशमेश नगर में रहने वाले 22 वर्षीय जफर खान मानसिक रूप से काफी कमजोर थे। बताया गया है कि युवक के के पिता की मौत के बाद उसकी मां ने दूसरी शादी कर ली थी। इसके बाद वो अपनी बुआ के पास रहता था। मानसिक संतुलन ठीक न होने के कारण वह अधिकतर समय इलाके मे घूमता रहता था। मानसिक रुप से बीमार होने के बाद भी वो किसी को नुकसान नहीं पहुंचाता था। उसकी हालत देख आसपास के दुकानदार उसे खाना और कपड़े दे देते थे। बीती दोपहर करीब साढे बारह गिट्टी से भरा डंपर गलियों में गिट्टी डालने गया था। नेहरू स्कूल के पास डंपर चालक ने डंपर को पीछे लेने के लिये रिवर्स करना चाहा, उसी समय अचानक जफर डंपर के पिछले पहिए में आ गया। बताया गया है कि हादसे के समय डंपर में केवल ड्रायवर ही मौजूद था। यदि क्लीनर होता तो हादसा होने से बच जाता। सूचना पाकर पहुची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के बाद परिवार वालो को सोपते हुए डंपर जप्त कर आरोपी चालक की तलाश कर रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द फरार ड्रायवर को दबोच लिया जायेगा।

### कटिंग कराने गई मासूम के साथ सैलूनकर्मी ने की अश्लील हरकत

**भोपाल।** अशोका गार्डन थाना इलाके में सैलून कर्मचारी द्वारा कटिंग कराने आई सात साल की मासूम के साथ अशलील हरकत किये जाने की घटना सामने आई है। मासूम ने घर जाने पर मां को आरोपी की करतूत के बारे मे बताया जिसके बाद परिवार वाले उसे लेकर दोबारा सैलून पहुचें ओर बेटी से आरोपी की पहचान कराकर उसे पुलिस के हवाले कर दिया। थाना पुलिस के अनुसार इलाके मे रहने वाली 7 साल की मासूम किशोरी स्कूली छात्रा है। संडे को पिता उसे कटिंग कराने के लिये हेयर सैलून लेकर पहुंचे थे। रविवार होने के कारण सैलून में भीड़ हो रही थी, इसलिये मासूम केपिता दुकान के बाहर खड़े हो गये। सैलून कर्मचारी मासूम को कोने वाली कुर्सी पर बैठाया ओर बाल काटने से पहले उसके कंधे पर कपड़ा डालते समय मासूम के प्राइवेट पार्ट से छेड़छाड़ की। कटिंग करवाने के बाद मासूम ने पिता को तो कुछ नही बताया ओर उनके साथ घर पहुंच गई। घर जाकर उसे गुमसुम देख शाम को उसकी मां ने उससे पुछता तो उसने बताया कि बाल काटते समय अंकल की गंदी हरकत की थी। इसके बाद मॉ ने किशोरी के पिता को सारी बात बताई। दंपत्ति बेटी को लेकर सैलून पहुंचे, वहां बेटी ने आरोपी जैद को पहचानते हुए बताया कि उसने गंदी हरकत की थी। इसके बाद दंपत्ति उसे पकडकर थाने ले गये।

### सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ में सात आतंकवादियों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तर पश्चिमी अशांत कबायली इलाके में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ में कम से कम दो सैनिकों और सात आतंकवादियों की मौत हुई है। फौज की ओर से जारी बयान के मुताबिक, मुठभेड़ रविवार को उत्तर वजीरिस्तान के गुलाम खान कल्ले इलाके में हुई। सेना ने कहा कि सैनिकों ने सात आतंकवादियों को ढेर कर उनके पास से हथियार एवं गोला बारूद बरामद किया गया है। वे सुरक्षा बलों के खिलाफ कई आतंकी हमलों को अंजाम देने में शामिल रहे हैं। सुरक्षा बल आसपास के इलाके में खोज अभियान चला रहे हैं।

# शिवपुरी वार्ड क्रमांक 36 के रहवासियों ने किया चुनाव का बहिष्कार

**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** शिवपुरी के वार्ड क्रमांक 36 के तहत आने वाली द्वारिकापुरी कॉलोनी के रहवासियों ने समस्याओं को लेकर नगर पालिका चुनाव का बहिष्कार कर दिया। लोगों का कहना था कि आज तक जितने भी पार्षद बने उन्होंने सिर्फ वोट मांगा और उसके बाद शक्ल तक दिखाने नहीं आए। अब फिर से चुनाव का समय आ गया है और हर दल के प्रत्याशी यहां वोट मांगने आ रहे हैं। हमने उन्हें वोट देने से इंकार कर दिया है और कहा कि अगर समस्याओं का हल जल्द नहीं हुआ तो वह किसी भी प्रत्याशी को वोट नहीं देंगे और चुनाव का बहिष्कार करेंगे।

कॉलोनी के रहवासियों कहना है कि द्वारिकापुरी कॉलोनी वैध कॉलोनी है लेकिन अब तक यहां सीसी रोड नहीं डाली गई। कॉलोनी में पानी का कोई निकास नहीं है। यहां 12 महीने पानी भरा रहता है। हालात बरसात में और अधिक खराब हो जाते हैं क्योंकि शांति नगर, झींगुरा, नोहरी, बछौरा का गंदा पानी इसी कॉलोनी में आकर भर जाता है जिससे यह क्षेत्र तालाब में परिवर्तित हो जाता है और रहवासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। मामले को लेकर नपा, कलेक्टर, एसडीएम, मंत्री, केंद्रीय मंत्री तक को आवेदन दे चुके हैं लेकिन समस्या का आज दिनांक तक हल नहीं हुआ। वर्तमान में नगर निकाय चुनाव में हम कॉलोनीवासियों ने निर्णय ?लिया है कि मतदान का बहिष्कार कर अपना विरोध प्रकट करेंगे।




### कांग्रेस व बीपीजे प्रत्याशी हुए आमने–सामने

जब कॉलोनी के रहवासी विरोध प्रदर्शन रहे थे उसी समय वहां बीजेपी व कांग्रेस के प्रत्याशी पहुंच गए। यहां दोनों ने एक–दूसरे पर असुनवाई के आरोप लगाए। कांग्रेस पद के प्रत्याशी का कहना था कि हमने कॉलोनी की समस्या को लेकर कई बार मंत्री, विधायक, नपा, कलेक्टर को आवेदन दिए लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। वहीं बीजेपी के प्रत्याशी ने जल्द समस्या हल कराने की बात कही।

### इनका कहना है

कॉलोनी में सबसे पहला मकान हमारा है। हम यहां पिछले 16–17 सालों से रह रहे हैं तब से यहां पानी के निकास न होने की समस्या बनी हुई है। मामले को लेकर कई बार संबंधितों को अवगत कराया गया लेकिन कुछ हल नहीं निकला। अब हम चुनाव का बहिष्कार करेंगे।

**आरती जादौन,** स्थानीय रहवासी

चुनाव के समय प्रत्याशी वोट मांगने आ जाते हैं और झूठे वादे कर जीतकर चले जाते हैं। हमारी कॉलोनी में पानी का कोई निकास नहीं है। शांति नगर, झींगुरा, नौहरी व बछौरा का गंदा पानी हमारी कॉलोनी में भरा रहता है। कोई सुनवाई नहीं करता इसलिए अब हम चुनाव का बहिष्कार करेंगे।

**राधा ओझा,** स्थानीय रहवासी

# क्राईम ब्रांच एवं थाना ठाटीपुर पुलिस की संयुक्त कार्यवाही

### ग्वलियर पुलिस ने पत्नि की हत्या के प्रकरण में फरार चल रहे 10 हजार रूपये के ईनामी बदमाश को किया गिरफ्तार

**पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर**। ग्वालियर पुलिस द्वारा *पुलिस अधीक्षक श्री अमित सांघी,भापुसे के निर्देश पर जिले में फरारी ईनामी बदमाशों तथा वारंटियों के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। उक्त कार्यवाही के दौरान पुलिस अधीक्षक ग्वालियर को सूचना प्राप्त हुई कि थाना ठाटीपुर के हत्या के प्रकरण में फरार 10 हजार रूपये के ईनामी बदमाश को मैनपुरी, उ0प्र0 में देखा गया है उक्त सूचना पर से एसपी ग्वालियर द्वारा अति0 पुलिस अधीक्षक शहर पूर्व/अपराध श्री राजेश डण्डोतिया को क्राईम ब्रांच व थाना ठाटीपुर की संयुक्त टीम बनाकर मुखबिर सूचना की तस्दीक कर उक्त ईनामी बदमाश को गिरफ्तार करने के निर्देश दिये गये।

वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशों के परिपालन में नगर पुलिस अधीक्षक मुरार ऋषिकेश मीणा,भापुसे एवं उप पुलिस अधीक्षक अपराध श्री रत्नेश सिंह तोमर, श्री विजय भदौरिया के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी क्राईम ब्रांच निरी0 डॉ. संतोष यादव द्वारा क्राईम ब्रांच की टीम को मुखबिर के बताये स्थान मैनपुरी(उ0प्र0) भेजा गया। पुलिस टीम द्वारा उक्त ईनामी फरारी बदमाश को मैनपुरी, उ0प्र0 स्थित उसके रिश्तेदार के घर से हिरासत मे लिया गया। हिरासत में लिये गये ईनामी बदमाश से पूछताछ करने पर उसने बताया कि प्रकरण में गिरफ्तारी के डर से वह अपने रिश्तेदारों के घर पर रह कर फरारी काट रहा था। पुलिस अधीक्षक ग्वालियर द्वारा उक्त फरार आरोपी की गिरफ्तारी पर 10 हजार रूपये का ईनाम भी घोषित किया गया था। क्राईम ब्रांच की टीम द्वारा उक्त बदमाश को ग्वालियर लाया जाकर थाना ठाटीपुर पुलिस को सुपुर्द किया गया। थाना ठाटीपुर पुलिस द्वारा उक्त ईनामी फरारी बदमाश को अप0क्रमांक 397/22 धारा 302 भादवि के प्रकरण में विधिवत गिरफ्तार किया जाकर उससे प्रकरण के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

ज्ञात हो कि दिनांक 06.06.2022 को फरियादी महेश सिंह द्वारा थाना ठाटीपुर में रिपोर्ट की गई थी। कि उसकी पुत्री भावना की उसके दामाद द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गई है और वह मौके से फरार हो गया है। उक्त रिपोर्ट पर से थाना ठाटीपुर पुलिस द्वारा उक्त आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 397/22 धारा 302 भादवि का प्रकरण पंजीबद्ध किया जाकर हत्या के आरोपी की तलाश की जा रही थी।

### सराहनीय भूमिकाः

उक्त ईनामी बदमाश को गिरफ्तार करने में थाना प्रभारी क्राईम ब्रांच निरी0 डॉ. संतोष यादव, थाना प्रभारी ठाटीपुर निरी0 पंकज त्यागी, क्राईम टीम में- सउनि राजकुमार राजावत, प्रआर0 जितेन्द्र तोमर, विकास बाबू, आर0 विद्याचरण, नवीन पाराशर, राघवेन्द्र थाना ठाटीपुर पुलिस टीम में- उनि0 बृम्हानंद शर्मा, संजेश भदौरिया, प्रआर0 बेताल सिंह, आर0 आकाश, बंटी की सराहनीय भूमिका रही।

# प्रदेश भर में किसान मोर्चा करेगा हितग्राही किसान चौपाल : चौधरी दर्शन सिंह




### किसान मोर्चा की प्रदेश स्तरीय वर्चुअल बैठक सम्पन्न

**भोपाल।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव एवं नगरीय निकाय चुनाव की दृष्टि से भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा मध्यप्रदेश की प्रदेश स्तरीय वुर्चअल बैठक संपन्न हुई। बैठक में चुनाव को लेकर मोर्चा की आगामी कार्ययोजना बनाई गयी। बैठक को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी दर्शन सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा के निर्देशानुसार एवं स्थानीय चुनाव प्रबंध प्रदेश समिति द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार भारतीय जनता पार्टी समर्थित प्रत्याशियों के समर्थन में भाजपा किसान मोर्चा मध्य प्रदेश के द्वारा कार्यक्रम तय किये गये हैं। इसके अनुसार हितग्राही किसान चौपाल कार्यक्रम 28 जून से 03 जुलाई के मध्य आयोजित किये जायेंगे।। मध्यप्रदेश के सभी जिलों के मतदान केंद्रों पर न्यूनतम 100 किसानों की किसान चौपाल आयोजित की जावेगी। चौपाल में वरिष्ठ नेता संवाद करेंगे एवं कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं किसान मोर्चे के पदाधिकारियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। हितग्राही किसान चौपाल कार्यक्रम 28 जून को हलहारिणी अमावस्या के पवित्र दिन पर हल, टेक्टर एवं कृषियंत्र आदि के पूजन भी किए जायेंगे।

## रूसी सैनिकों ने कीव की दो आवासीय इमारतों को बनाया निशाना, यूक्रेन के पूर्वी हिस्से पर बनाई मजबूत पकड़

**कीव।** रूस ने रविवार तड़के यूक्रेन की राजधानी पर हमला कर कम से कम दो आवासीय इमारतों को निशाना बनाया। कीव के मेयर विताली क्लित्स्चको ने यह जानकारी दी। वहीं, यूक्रेन के पूर्वी हिस्से में रूसी सैनिकों ने अपनी पकड़ मजबूत कर ली है। कीव में, पत्रकारों ने देखा कि बचाव कर्मी आग की लपटों पर काबू पाने के लिए मशक्कत कर रहे हैं। क्लित्स्चको ने कहा कि चार घायल लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है और सात साल की एक बच्ची को मलबे से जीवित बाहर निकाला गया है। यूक्रेन के सांसद ओलेक्सी गोनचारेंको ने संदेश भेजने में उपयोग किए जाने वाले टेलीग्राम ऐप पर लिखा कि शुरूआती आंकड़ों के मुताबिक कीव क्षेत्र पर कम से कम 14 मिसाइल दागी गईं। रविवार तड़के हुए हमलों से पहले कीव ने पांच जून से इस तरह के रूसी हमलों का सामना नहीं किया था। क्लित्स्चको ने कहा उनका मानना है कि मैड्रिड में इस हफ्ते होने वाले उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) की बैठक से पहले यह संभवत~ एक प्रतीकात्मक हमला रहा होगा। कीव में बाद में विस्फोट की दो और आवाज सुनी गई, लेकिन उनके कारण और उनमें हताहत हुए संभावित लोगों की संख्या अभी स्पष्ट नहीं है। इस बीच, रूसी सैनिक पूर्वी लुशांक क्षेत्र में यूक्रेन के शेष गढ़ पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं। रूसी सैनिक सिवेरोदोंतेस्क के भग्नावशेषों और रासायनिक संयंत्र, जहां सैकड़ों यूक्रेनी सैनिक और नागरिक छिपे हुए हैं।



# पीएम मोदी ने की अर्जेंटीना के राष्ट्रपति फर्नांडीज के साथ की बैठक, विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने का लिया संकल्प

**म्यूनिख।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को जी-7 शिखर सम्मेलन से इतर अर्जेंटीना के राष्ट्रपति अल्बर्टो फर्नांडीज के साथ बैठक की और द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा करते हुए द्विपक्षीय सहयोग कृषि, प्रतिरक्षा और उद्योग जैसे क्षेत्रों पर सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई। बैठक के दौरान दोनों नेताओं ने व्यापार तथा निवेश, रक्षा सहयोग, कृषि, जलवायु कार्रवाई और खाद्य सुरक्षा जैसे विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। यह दोनों नेताओं के बीच पहली द्विपक्षीय मुलाकात थी। दोनों नेताओं ने 2019 में स्थापित द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी को लागू करने में प्रगति की समीक्षा की। मोदी जी-7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए रविवार को जर्मनी के दो दिवसीय दौरे पर यहां पहुंचे। वह शक्तिशाली समूह और उसके सहयोगी देशों के नेताओं के साथ ऊर्जा, खाद्य सुरक्षा, आतंकवाद रोधी, पर्यावरण और लोकतंत्र जैसे मुद्दों पर चर्चा करेंगे। पीएम नरेंद्र मोदी ने ट्वीट किया कि म्यूनिख में राष्ट्रपति अल्बर्टो फर्नांडीज के साथ सार्थक बैठक के दौरान भारत-अर्जेंटीना के बीच मैत्रीपूर्ण संबंधों की समीक्षा की गई। हमारे देशों के बीच मजबूत सहयोग से हमारे लोगों को बहुत फायदा होगा। जबकि प्रधानमंत्री कार्यालय ने मोदी की दो देशों की यात्रा के दौरान पहली द्विपक्षीय बैठक पर एक ट्वीट में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने म्यूनिख में राष्ट्रपति अल्बर्टो फर्नांडीज के साथ बातचीत की। दोनों नेताओं ने भारत और अर्जेंटीना के बीच वाणिज्यिक और सांस्कृतिक संबंधों को प्रगाढ़ बनाने के तरीकों पर चर्चा की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने एक ट्वीट में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अर्जेंटीना के राष्ट्रपति अल्बर्टो फर्नांडीज से मुलाकात की जो उनकी पहली द्विपक्षीय बैठक थी। इसमें व्यापार एवं निवेश, जलवायु कार्रवाई, दक्षिण-दक्षिण सहयोग, पारंपरिक चिकित्सा, कृषि जैसे विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि व्यापार एवं निवेश, दक्षिण-दक्षिण सहयोग, विशेष रूप से फार्मास्युटिकल क्षेत्र में, जलवायु कार्रवाई, अक्षय ऊर्जा, परमाणु चिकित्सा, विद्युत गतिशीलता, रक्षा सहयोग, कृषि और खाद्य सुरक्षा, पारंपरिक चिकित्सा, सांस्कृतिक सहयोग, साथ ही अंतरराष्ट्रीय निकायों में समन्वय सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। गौरतलब है कि भारत के अलावा जी-7 शिखर सम्मेलन के मेजबान जर्मनी ने अर्जेंटीना, इंडोनेशिया, सेनेगल और दक्षिण अफ्रीका को वैश्विक लोकतंत्रों को अपने भागीदारों के रूप में मान्यता देने के लिए अतिथि के रूप में आमंत्रित किया है।



# ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन के बयान से नाराज हुए कंजरवेटिव पार्टी के कई सहयोगी

**लंदन।** ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने इस दावे के साथ कंजरवेटिव पार्टी के कई सहयोगियों को नाराज कर दिया कि वह अगले आम चुनाव में सत्ताधारी पार्टी का नेतृत्व करने के लिए सही रास्ते पर हैं। वहीं, दो महत्वपूर्ण उपचुनावों में करारी हार के बाद उनके नेतृत्व के खिलाफ विद्रोह बढ़ रहा है। इस सप्ताह की शुरूआत में उपचुनावों में मतदाताओं ने विपक्षी लेबर पार्टी के पक्ष में मतदान करके और कंजरवेटिव पार्टी को 'पार्टीगेट' घोटाले और जीवन-यापन पर खर्च बढ़ने को लेकर दंडित किया था। उसके बाद जॉनसन को आलोचना का सामना करना पड़ा रहा है। इन उपचुनावों को जॉनसन के नेतृत्व के लिए एक तरह के जनमत संग्रह के रूप में देखा रहा है। रवांडा में राष्ट्रमंडल शासनाध्यक्षों की बैठक के अंत में जॉनसन से सवाल किया कि क्या वह 2028-2029 में होने अगले चुनाव तक पद पर एक पूर्ण दूसरे कार्यकाल चाहते हैं। इस पर, जानसन ने कहा, फिलहाल मैं तीसरे कार्यकाल के बारे में सक्रियता से सोच रहा हूं और यह हो सकता है, लेकिन मैं समय आने पर इसकी समीक्षा करूंगा। जॉनसन ने कहा, यदि आप कह रहे हैं, कि आप चाहते हैं कि मैं किसी प्रकार के मनोवैज्ञानिक परिवर्तन से गुजरूं, तब मुझे लगता है कि हमारे श्रोताओं को पता होगा कि ऐसा नहीं होने वाला है।'' उन्होंने कहा, आप क्या कर सकते हैं और सरकार को क्या करना चाहिए और मैं जो करना चाहता हूं, वह यह है कि हम अपनी व्यवस्था और हमारी अर्थव्यवस्था में बदलाव और सुधार के साथ आगे बढ़ें।जानसन ने दावा किया कि मतदाता ''मेरे बारे में बातचीत सुनकर तंग आ गए हैं और वे जीवन-यापन पर होने वाले खर्च, अर्थव्यवस्था और यूक्रेन में ''हिंसा और आक्रामकता के लिए खड़े होने पर'' पर ध्यान केंद्रित करना चाहते हैं।''हालांकि, उपचुनाव में हार के मद्देनजर उनकी प्रतिक्रिया और टिप्पणियों पर उन्हें कंजरवेटिव पार्टी के कुछ नेताओं की ओर से कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ा है ।



## जी-7 शिखर सम्मेलन से इतर अर्जेंटीना के राष्ट्रपति अल्बर्टो फर्नांडीज से पीएम मोदी ने की बैठक

**म्यूनिख।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जी-7 शिखर सम्मेलन से इतर अर्जेंटीना के राष्ट्रपति अल्बर्टो फर्नांडीज के साथ एक सार्थक बैठक की और द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की। बैठक के दौरान दोनों नेताओं ने व्यापार तथा निवेश, रक्षा सहयोग, कृषि, जलवायु कार्रवाई और खाद्य सुरक्षा जैसे विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। यह दोनों नेताओं के बीच पहली द्विपक्षीय मुलाकात थी। दोनों नेताओं ने 2019 में स्थापित द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी को लागू करने में प्रगति की समीक्षा की। पीएम मोदी जी-7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए जर्मनी के दो दिवसीय दौरे पर यहां पहुंचे। वह शक्तिशाली समूह और उसके सहयोगी देशों के नेताओं के साथ ऊर्जा, खाद्य सुरक्षा, आतंकवाद रोधी, पर्यावरण और लोकतंत्र जैसे मुद्दों पर चर्चा करने वाले हैं। मोदी ने ट्वीट किया, म्यूनिख में राष्ट्रपति फर्नांडीज के साथ सार्थक बैठक के दौरान भारत-अर्जेंटीना के बीच मैत्रीपूर्ण संबंधों की समीक्षा की गई। हमारे देशों के बीच मजबूत सहयोग से हमारे लोगों को बहुत फायदा होगा।'' प्रधानमंत्री कार्यालय ने मोदी की दो देशों की यात्रा के दौरान पहली द्विपक्षीय बैठक पर ट्वीट में कहा, ''प्रधानमंत्री मोदी ने म्यूनिख में राष्ट्रपति फर्नांडीज के साथ बातचीत की। दोनों नेताओं ने भारत और अर्जेंटीना के बीच वाणिज्यिक और सांस्कृतिक संबंधों को प्रगाढ़ बनाने के तरीकों पर चर्चा की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा, ''प्रधानमंत्री मोदी ने अर्जेंटीना के राष्ट्रपति अल्बर्टो फर्नांडीज से मुलाकात की जो उनकी पहली द्विपक्षीय बैठक थी। व्यापार एवं निवेश, जलवायु कार्रवाई, दक्षिण-दक्षिण सहयोग,पारंपरिक चिकित्सा, कृषि जैसे विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई।'' मंत्रालय ने कहा कि व्यापार एवं निवेश, दक्षिण-दक्षिण सहयोग, विशेष रूप से फार्मास्युटिकल क्षेत्र में, जलवायु कार्रवाई, अक्षय ऊर्जा, परमाणु चिकित्सा, विद्युत गतिशीलता, रक्षा सहयोग, कृषि और खाद्य सुरक्षा, पारंपरिक चिकित्सा, सांस्कृतिक सहयोग, साथ ही अंतरराष्ट्रीय निकायों में समन्वय सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। उसने कहा कि दोनों पक्ष इन क्षेत्रों में अपने द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाने पर सहमत हुए।

# हम ग्वालियर के सर्वांगीण विकास के नव अध्याय का सूत्रपात करेंगे: सुमन शर्मा

### घनी बस्तियों में सघन जनसंपर्क के दौरान सुमन शर्मा के अभिनंदन के लिए खुद घरों से बाहर निकले मतदाता भाई-बहन

ग्वालियर। अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति सतत जागरूक रहने वाली सुधी जनता 6 जुलाई को यदि मुझे जनआशीर्वाद प्रदान करती है तो महानगर के प्रथम नागरिक के रूप में जनसेवा करने का सौभाग्य सिर्फ मुझे ही नहीं मिलेगा, बल्कि मेरे साथ ग्वालियर शहर का हर एक नागरिक महापौर बनेगा। यानि भाजपा के पक्ष में किए गए एक वोट से मतदाताबंधु प्रत्याशी के साथ खुद को भी महापौर और पार्षद बनाना सुनिश्चित करेगा और इस तरह हम ग्वालियर के सर्वांगीण विकास के नवअध्याय का सूत्रपात करेंगे। यह कहना है महापौर पद की भाजपा प्रत्याशी श्रीमती सुमन शर्मा का।

श्रीमती सुमन शर्मा ने सोमवार को अपना जनसंपर्क कोटेश्वर मंदिर में पूजा अर्चन कर शुरू किया। आज उन्होंने वार्ड क्रमांक-1 रामाजी का पुरा, गणेश बाग में सघन जनसंपर्क करते हुए भाजपा के पक्ष में क्षेत्रीय जनता से अपील की। इस अवसर पर प्रदेश सरकार के मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, मंडल अध्यक्ष प्रयाग सिंह तोमर, पार्शद प्रत्याशी अनीता कौरव, मोहिन खान, श्याम गौड, देवेंद्र शर्मा, धर्मेंद्र तोमर, विनती शर्मा, रेशु राजावत, रितु जैन सहित अनेक वरिश्ठ कार्यकर्ता उपस्थित थे।



इसके बाद श्रीमती सुमन शर्मा ने वार्ड क्रमांक-2 में जनसंपर्क किया। उन्होंने कटी घाटी, मोटे गणेश मंदिर से घोसीपुरा होते हुए रामदास घाटी तक संपर्क किया। इस अवसर पर मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, पार्शद प्रत्याशी संजू अजीत किरार, मोहन विटवेकर, गीता सिकरवार, प्रयाग सिंह तोमर, द्रोपदी सेंगर, मनु श्रोती, नरेंद्र किरार, वृंदावन बाथम उपस्थित थे।

इसके बाद श्रीमती सुमन शर्मा ने वार्ड क्रमांक-4 में कोटेश्वर महादेव मंदिर से होते हुए घासमंडी तक पैदल रोड शो किया। इस अवसर पर प्रद्युम्न सिंह तोमर, पार्शद प्रत्याशी श्रीमती रेखा चंदन राय, दीपक शर्मा, रेखा धोलाखंडी, देवदत्त शर्मा, शेखर राय, शैलेंद्र बैस, रामनिवास तोमर, त्रिलोक शर्मा सहित अनेक वरिश्ठ कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### विकास के महाअभियान को आगे ब?ाने के लिए सुमन शर्मा के हाथों में नगर सरकार की कमान जरूरी-अनूप मिश्रा

ग्वालियर। प्रदेश के वरिष्ठ नेता अनूप मिश्रा ने आज वार्ड क्रमांक-24 के शंकर पार्क, सुरेश नगर में कार्यकर्ताओं की बैठकों को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान एवं केंद्रीय मंत्रीद्वय श्री नरेंद्र सिंह तोमर एवं श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में ग्वालियर के विकास का जो महाअभियान चल रहा है उसे और आगे ब?ाने के लिए श्रीमती सुमन शर्मा के हाथों में नगर सरकार की कमान जरूरी है, इसलिए आप महापौर प्रत्याशी श्रीमती सुमन शर्मा एवं भाजपा पार्शद प्रत्याशियों को भारी मतों से विजयी बनाइए। इस अवसर पर वार्ड क्रमांक-24 के पार्षद प्रत्याशी नागेंद्र सिंह राणा, मंडल अध्यक्ष उमेश भदौरिया, संजय शर्मा, दिनेश दीक्षित सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे। इसके बाद अनूप मिश्रा ने वार्ड क्रमांक-22 भाजपा पार्शद प्रत्याशी पोहप सिंह जाटव के समर्थन में जनसंपर्क करते हुए सार्थक मैरिज हॉल, पीएनटी चौराहे के पास थाटीपुर में कार्यकर्ताओं की बैठकों को संबोधित किया।

## भाजपा बतारो जे.सी.मिल श्रमिकों को पट्टे क्यों नहीं दिरो : डॉ. शोभा सिकरवार

### जनसम्पर्क में मिल रहा है व्यापक जन-समर्थन

ग्वाल्यिर। कांग्रेस पार्टी की महापौर पद की उम्मीदवार डॉ.श्रीमती शोभा सिकरवार ने भाजपा की करनी व कथनी पर सवाल उठाते हुये पूछा है कि बताये अब तक जे.सी.मिल श्रमिकों को आवास के माल्किाना हक के पट्टे क्यों नही दिये गये। उन्होंने कहा कि भाजपा वोट पाने के ल्यि झूठ पर झूठ बोल्ती है। उन्होंने कहा कि विकास और प्रगति के नाम पर ल्रेगों के बीच भ्रम फैल्राया जाता है। कल मुख्यमंत्री जी शहर में आये मगर जे.सी.मिल श्रमिकों के बारे में एक शब्द नही बोले।



महापौर पद की उम्मीदवार डॉ.श्रीमती शोभा सिकरवार ने आज वार्ड क्रमांक 15 एवं वार्ड क्रमांक 44 में डूर टू डोर जनसम्पर्क कर आमजनों को विश्वास दिल्राया कि नगर निगम के 66 वार्डो का विकास व प्रगति के कार्य करना हमारा ल्क्ष्य है। जगह जगह डॉ.श्रीमती शोभा सिकरवार का आरती उतारकर तिल्क ल्गाकर पुष्पहारों से जोरदार स्वागत कर विजयश्री दिल्राने का भरोसा दिया।

डॉ.श्रीमती शोभा सिकरवार ने कहा कि थोडी से बारिश में सड़कों पर जगह जगह गड्ढें हो गये है और जगह जगह पानी भर गया, जो भाजपा के दावों की पोल खोल रहे है। जनसम्पर्क में उमड़ रहे जन सैल्रब और आमजन मानस से मिल रहा व्यापक समर्थन कांग्रेस की जीत की ओर इशारा कर रही है। कांग्रेस पार्टी का हर कार्यकर्त्ता पूरे प्रण-प्राण से जुटा हुआ है। वार्डो में भारी जन समर्थन मिल रहा है। इसके अल्रवा विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने वार्ड क्रमांक 49 एवं वार्ड क्रमांक 50 में जनसम्पर्क करते हुये कहा कि क्षेत्र का विकास व प्रगति देंगे। आप सब का समर्थन मुझे उर्जा प्रदान कर रहा है।

## मुनिश्री ने शहर के मंदिरों के दर्शन किए :गुरुभक्त्तों ने आगवानी की

### आदमी के कर्म अगर अच्छे हो तो किस्मत उसके चरणों की दासी बन जाती है-मुनिश्री

ग्वालियर-ः हमेशा विश्वास रखिए सबसे अच्छा दिन आज है सबसे अच्छा समय अभी है सबसे बुरा दिन कभी नहीं है। खुशियों से भरा हुआ एक लम्हा किसी खजाने से कम नहीं है। गम से भरा हुआ एक दिन 1 अन्धकूप से कम नहीं है। जिंदगी जीने का मकसद होना चाहिए। अपने आप पर भरोसा होना चाहिए जीवन में खुशियों की कमी नहीं है। बस कमी है तो उन्हें मनाने के सही अंदाज की। दुःख में से भी सुख खोजा जा सकता है अगर सोचने का तरीका सही हो और सुख में से भी दुख हो सकता है अगर जीने का तरीका गलत हो। हमें दुनिया को बदलने की फिक्र नहीं करना चाहिए हमें अपने आप को बदलने की कोशिश करना चाहिए। यह विचार श्रमण मुनिश्री विनय सागर जी महाराज ने आज सोमवार को माधोगंज स्थित लक्कड़खाने में धर्मसभा को संबोधित करते हुए कही।

मुनिश्री ने कहा कि आप धैर्यशील बने कोई दो क?वे शब्द कह दे तो क्रोधित ना हो टेंशन ना पाले क्योंकि पत्थर उसी पे? को मारे जाते हैं जिस पर मीठे फल लगते हैं। आपके अंदर कुछ तो खास है इसलिए तो दुनिया की नजर आपके ऊपर है इसीलिए तो आप के कार्यो की निंदा और आलोचना हो रही है। किसी के बुरा कहने पर आप अपने आप को बुरा कभी ना माने जब आपका मन आपको गिल्टी न माने। दिमाग झूठ बोल सकता है मगर दिल हमेशा सत्य बोलता है दुनिया की सबसे ब?ी अदालत आपका स्वयं का दिल है इसीलिए जिंदगी के महत्वपूर्ण फैसले दिमाग से नहीं दिल से लें जिससे मंजिल प्राप्त करने में आपको आसानी होगी।

### मुनिश्री ने शहर के मंदिरो के दर्शन किए..गुरुभक्त्तों ने पादप्रक्षालन करें

जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि मुनिश्री विनय सागर महाराज युवा भक्तों के साथ पद विहार कर दौलतगंज जैन मंदिर, मामा का बाजार स्थित



दिगंबर जैन मंदिर में विराजित भगवान जिनेंद्र भगवान के दर्शन के साथ पूरे मंदिर की वंदन की। मुनिश्री जहां जहाँ से निकाले वही गुरुभक्तों ने गुरुदेव के चरणों का पादप्रक्षालन व आरती उतारकर मंगल आशीर्वाद लिया। इस मौके पर उमेश जैन, चक्रेश जैन, ज्योतिषाचार्य हकुमचंद जैन, राजेश जैन लाला, अजय जैन, आदि मौजूद थे।

### गलतियां सभी से होती है और गुस्सा सबको आता है।

मुनि श्री ने कहा कि पत्थर मारने से शीशा टूटता है टे?ा बोलने से रिश्ता टूटता है अदब से बोलिए संभल कर चलिए शीशा और रिश्ता दोनों सुरक्षित रहेंगे। गलतियां सभी से होती है और गुस्सा सबको आता है। फिर बुरा मानने की वजह शांति और सुधार की किरण तलाशी जाना चाहिए।खुद से गलती हो जाए तो समझौता चाहते हैं। वही दूसरों से गलती हो जाए तो इंसाफ की मांग करते हैं। सुधार तब होगा जब हम दोनों के लिए इंसाफ चाहेंगे।

### चालाकी और चालबाजी दोनों स्वर्ग के प्रवेश में बाधा है

मुनिश्री ने कहा कि ईश्वर का अनुग्रह पाने के लिए निष्पाप रहिए निष्पाप रहने के लिए सरलता चाहिए स्वर्ग के राज्य में प्रवेश प्राप्त करने के लिए बच्चे बनकर जाना होता है चालाकी और चालबाजी दोनों स्वर्ग के प्रवेश में बाधा है। आदमी के कर्म अगर अच्छे हो तो किस्मत उसके चरणों की दासी बन जाती है । नियत अगर अच्छी हो तो स्वयं का घर ही मथुरा और काशी हो जाता है ।

## एमएसएमई का देश की जीडीपी के विकास में महत्वपूर्ण योगदान है : सीए समकित भण्डारी

### अंतर्राष्ट्रीय एमएसएमई दिवस पर परिचर्चा आयोजित

ग्वालियर। अंतर्राष्ट्रीय एमएसएमई दिवस के अवसर पर म.प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री (एमपीसीसीआई) एवं इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इण्डिया (आईसीएआई) ग्वालियर ब्रांच के संयुक्त तत्वावधान में एमएसएमई योजनाओं की जानकारी पर एक परिचर्चा का आयोजन आज सायं 4.00 बजे चेम्बर भवन में किया गया। इस अवसर पर एमपीसीसीआई के अध्यक्ष-विजय गोयल, उपाध्यक्ष-पारस जैन, आईसीएआई के चेयरमेन-सीए समर्थ डोनेरिया, सचिव-सीए निधि अग्रवाल, उपाध्यक्ष-सचिन गुप्ता कोषाध्यक्ष-सीए पंकज शर्मा एवं एक्सपर्ट सीए-समकित भण्डारी मंचासीन थे। परिचर्चा का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया गया। साथ ही, आईसीएआई-मोटो सांग का गायन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों का बुके देकर स्वागत किया गया।

विशेष कारणों से कार्यक्रम में विलंब से पहुंचे एमपीसीसीआई अध्यक्ष-विजय गोयल की अनुपस्थिति में उपाध्यक्ष-पारस जैन द्वारा स्वागत उद्बोधन देते




हुए कहा कि 116 वर्ष पुरानी इस संस्था द्वारा कारोबारियों एवं शासन के मध्य सेतु का कार्य किया जाता है। आज आयोजित कार्यक्रम से हम एमएसएमई की योजनाओं से निश्ड्चित ही फलीभूत होंगे। इस अवसर पर पधारे सभी अतिथियों एवं माननीय सदस्यगणों का मैं हार्दिक अभिनंदन करता हूं।

अंतर्राष्ट्रीय एमएसएमई दिवस की अवधारणा पर आईसीएआई के चैयरमेन सीए समर्थ डोनेरिया द्वारा प्रकाश डालते हुए कहा कि जीडीपी के योगदान में एमएसएमई के योगदान को दृष्टिगत रखते हुए यूएन द्वारा 27 जून को अंतर्राष्ट्रीय एमएसएमई दिवस घोषित किया गया था। वर्ष 2017 में प्रथम बार इसका आयोजन किया गया और आज हम पांचवां दिवस मना रहे हैं। आपने कहा कि देश के विकास में 60 से 70 प्रतिशत ग्रोथ एमएसएमई सेक्टर से आती है। भारत सरकार द्वारा वर्ष 2030 तक एमएसएमई सेक्टर के बेहतर विकास के लिए अभूतपूर्व पहल की है। एमएसएमई योजनाओं की जानकारी से अवगत कराने के लिए विशेषज्ञ के रूप में इंदौर से पधारे सीए-समकित भण्डारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि आजादी के प्रारंभ से अब तक हमारे देश में कृषि के विकास पर ही ध्यान दिया गया था।

## संक्षिप्त समाचार

नगरीय निकायआम निर्वाचन -2022

### ओपीनियन पोल के प्रसारण पर रोक

**एग्जिट पोल के परिणाम 13 जुलाई को शाम 5:30 के बाद**

ग्वालियर। नगरीय निकाय निर्वाचन में मतदान के प्रथम चरण 6 जुलाई और द्वितीय चरण 13 जुलाई 2022 के दृष्टिगत 4 से 13 जुलाई की शाम 5 बजे तक प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया में ओपीनियन पोल के प्रसारण पर रोक रहेगी। सचिव राज्य निर्वाचन आयोग श्री राकेश सिंह ने बताया कि एग्जिट पोल के परिणाम भी द्वितीय चरण 13 जुलाई 2022 के मतदान की समाप्ति के समय शाम 5 बजे के आधे घण्टे बाद ही प्रकाशित-प्रसारित किये जा सकेंगे।

### ग्वालियर जिले के मतदान केंद्र क्रमांक 138 में पुनर्मतदान 28 जून को

ग्वालियर। ग्वालियर जिले की जनपद पंचायत घाटीगांव के मतदान केंद्र क्रमांक 138 शासकीय प्राथमिक शाला भवन दुरसे?ी में पुनर्मतदान कराने के आदेश दिए गए हैं। यहां पर 28 जून 2022 को सुबह 7 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक पुनर्मतदान होगा। इस मतदान केंद्र में 25 जून को कराए गए संपूर्ण मतदान को शून्य घोषित कर दिया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी(स्थानीय निर्वाचन) श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने संबंधित अधिकारियो को इस मतदान केन्द्र पर स्वतंत्र एवं निष्पक्ष ढंग से मतदान सम्पन्न कराने के निर्देश दिए। मतदान केन्द्र पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए है।

### पिछड़ा वर्ग विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति के लिये आवेदन की अंतिम तिथि 30 जून

ग्वालियर। मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति योजना में वर्ष 2022-23 के लिए छात्रवृत्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। योजना में ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तारीख 30 जून निर्धारित की गई है। पूर्व में आवेदन की अंतिम तिथि 20 जून थी। उल्लेखनीय है कि पिछड़ा वर्ग विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति शोध उपाधि उपरांत अध्ययन, शोध उपाधि एवं स्नातकोत्तर उपाधि के लिए दी जाती हैं। अभ्यर्थी यदि एमपी स्कॉलरशिप पोर्टल पर पहले से रजिस्टर्ड हैं तो पूर्व में प्रदत्त आईडी का प्रयोग कर ऑनलाइन आवेदन भर सकते हैं। नवीन रेजिस्ट्रेशन के लिए आवश्यक दस्तावेज को स्वयं द्वारा सत्यापित कर आवेदन की प्रति के साथ आयुक्त पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण मध्यप्रदेश सतपुड़ा भवन द्वितीय तल 'घ' विंग भोपाल में जमा करा सकते हैं। आवेदन पत्र का प्रारूप विभाग की वेबसाइट www.bcwelfare.mp.nic.in से प्राप्त किया जा सकता है। ऑनलाइन आवेदन www.scholarshipportal.mp.nic.in पर भी किया जा सकता है।

### अब तक 1153 गैर लाइसेंसी हथियार जप्त

ग्वालियर। पंचायत एवं नगरीय निकाय आम निर्वाचन-2022 के तहत प्रदेश में कानून- व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। अभी तक प्रदेश में 1153 गैर लाइसेंसी हथियार (आर्म्स) जप्त किये जा चुके हैं। प्रदेश में 2 लाख 57 हजार 813 लाइसेंसी हथियार जमा करवाये गए हैं। प्रिवेन्टिव सेक्सन ऑफ सीआरपीसी में एक लाख 47 हजार 748 व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही की गयी है। अभी तक 17 हजार 382 गैर जमानती वारंट की तामीली (श्व×द्गष्ह्वह्लद्बशठ्ठ) भी की गयी है।

**4 करोड़ 66 लाख रूपये मूल्य की मदिरा जप्त**

सचिव राज्य निर्वाचन आयोग श्री राकेश सिंह ने जानकारी दी है कि एक जून से 25 जून 2022 तक प्रदेश में 41 हजार 799 बल्क लीटर मदिरा जप्त की गयी है। जप्त की गयी मदिरा का अनुमानित मूल्य 4 करोड़ 66 लाख 19 हजार 787 रूपये है। सर्वाधिक 12 हजार 570 बल्क लीटर मदिरा धार में जप्त की गयी है।

### नगरीय निकाय निर्वाचन में नहीं है स्टार प्रचारक का प्रावधान

ग्वालियर। नगरीय निकाय निर्वाचन में राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा स्टार प्रचारक के संबंध में कोई प्रावधान नहीं किए गए है। निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थी के निर्वाचन क्षेत्र में होने वाले व्यय को निर्वाचन व्यय में शामिल किया जाएगा। इस आशय की जानकारी सचिव राज्य निर्वाचन आयोग श्री राकेश सिंह ने दी है। सचिव राज्य निर्वाचन आयोग श्री सिंह ने बताया है कि महापौर के अभ्यर्थी के प्रकरण में सम्पूर्ण नगरीय निकाय क्षेत्र की सीमा तथा पार्षद के अभ्यर्थी के प्रकरण में उसके वार्ड की सीमा निर्वाचन क्षेत्र के रूप में चिन्हित है। एक ही मंच से एक से अधिक प्रत्याशियों की सभा होने की स्थिति में महापौर तथा पार्षद के प्रकरण में व्यय का विभाजन व्यय की अधिकतम सीमा के अनुपात में किया जाएगा। एक से अधिक पार्षदों की सभा के प्रकरण में पार्षदों के मध्य व्यय समान रूप से विभाजित किया जाएगा। निर्वाचन प्रचार के लिए बाहर से आने वाले व्यक्तियों पर होने वाले यात्रा व्यय को व्यय में शामिल नहीं किया जाएगा।

### भाजपा प्रदेशाध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा आज ग्वालियर में

ग्वालियर। भाजपा के यशस्वी प्रदेशाध्यक्ष एवं सांसद, खजुराहो मा. श्री विष्णुदत्त जी शर्मा 28 जून को प्रातः श्रीधाम एक्सप्रेस से ग्वालियर प्रवास पर आ रहे हैं। श्री षर्मा जी तीनों विधानसभाओं के कार्यकर्ताओं की वृहद बैठकों को संबोधित करेंगे। यह जानकारी भाजपा जिलाध्यक्ष कमल माखीजानी ने दी। प्रदेशाध्यक्ष श्री विश्णुदत्त शर्मा जी 20 जून को प्रातः 9 बजे सर्वसमाज प्रमुखों के साथ बैठक होटल तानसेन, गांधी रोड पर मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। तत्पश्चात् ग्वालियर दक्षिण विधानसभा की बैठक प्रातः 10 बजे शिखा वाटिका कंपू पर, ग्वालियर विधानसभा की बैठक प्रातः 11 बजे वृंदावन वाटिका बिरलानगर पर तथा ग्वालियर पूर्व विधानसभा की बैठक दोपहर 12 बजे शालीमार गार्डन, थाटीपुर पर बैठक में भाग लेंगे। दोपहर 2 बजे श्रीकृष्ण वाटिका शहीद गेट मुरार वैश्य समाज एवं व्यापारियों के साथ बैठक करेंगे। दोपहर 3 बजे भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

### महापौर प्रत्याशी सुमन शर्मा ने किया चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

ग्वालियर। श्रीमती सुमन शर्मा ने दोपहर में गेंडे वाली सड़क वार्ड क्रमांक-36 में भाजपा पार्शद प्रत्याशी कु. भावना कन्नौजिया के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कार्यकर्ताओं एवं आमजनों से बिटिया भावना कन्नौजिया को आप भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। इस अवसर पर भीकम सिंह खटीक, सचिन पचौरी, गुरूमुख करोसिया, पप्पू बडौरी, सत्यम दुबे, प्रेम पचौरी, शशिकांत नायक, खेमचंद्र गुरूमानी, गुड्डू वारसी सहित अनेक वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित थे। श्रीमती सुमन शर्मा ने आज ग्वालियर पूर्व विधानसभा क्षेत्र की वार्ड 56, 57, 59 की अत्यंत घनी बसाहट वाली बस्तियों में सघन जनसंपर्क किया। उन्होंने नाका चंद्रवदनी तिराहे से जनसंपर्क प्रारंभ किया और नहरवाली माता, बघेल छात्रावास झांसी रोड थाने तक मौहल्ला बस्तियों में घर-घर दस्तक देकर मतदाता बन्धुओं, बहनों से कमल फूल निशान के सामने वाला बटन दबाकर भाजपा के हाथों में नगर सरकार की कमान पुनः सौंपकर ग्वालियर के विकास की निरंतरता को बनाए रखने का आह्वान किया। भाजपा की महापौर प्रत्याशी सुमन शर्मा के यहां पहुंचते ही उल्लासित लोगों ने ढोल नगाड़ों की थाप के बीच जमकर आतिशबाजी कर उनका आत्मीय अभिनन्दन किया।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णौपुरम्, एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रित करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास, भिण्ड रोड, गोले का मंदिर जिला ग्वालियर, मध्य प्रदेश 474005 से प्रकाशित। संपादक- भरत सिंह चौहान पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार। E-mail : pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, M.: 8269307478